▸▸वर्ष : 34 ▸▸अंक : 324 ▸▸मुंबई, शनिवार, 31 जनवरी 2026 ▸▸RNI: MAHHIN/49994/91 ▸▸मूल्य : 3 रुपए ▸▸epaper.dobajedopahar.com ▸▸संपादक : अरुण लाल ▸▸संरक्षक : एन. के. पुरोहित

## मुख्यमंत्री आवास पर हुई उच्च स्तरीय बैठक

इस राजनीतिक घटनाक्रम को गति देने के लिए शुक्रवार को प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, सुनील तटकरे और धनंजय मुंडे जैसे दिग्गज नेताओं ने मुख्यमंत्री आवास पर देवेंद्र फडणवीस से करीब डेढ़ घंटे तक चर्चा की। देर शाम एनसीपी कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता में भुजबल ने स्पष्ट किया कि यदि शनिवार को आयोजित होने वाली विधायक दल की बैठक में सुनेत्रा पवार को नेता चुन लिया जाता है, तो उनका शपथ ग्रहण समारोह उसी दिन संपन्न कराया जा सकता है।

## बारामती से चुनाव लड़ने की तैयारी

सुनेत्रा पवार वर्तमान में राज्यसभा की सदस्य हैं, लेकिन उप मुख्यमंत्री पद की संवैधानिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्हें विधानमंडल के किसी सदन का सदस्य बनना होगा। छगन भुजबल के अनुसार, अजित पवार के निधन के बाद खाली हुई बारामती विधानसभा सीट से सुनेत्रा पवार को चुनावी मैदान में उतारा जाएगा। विधायक दल की नेता घोषित होने के बाद वह अपने पति की विरासत को संभालते हुए इस पारंपरिक सीट से दावेदारी पेश करेंगी।

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# सुनेत्रा के हाथ पावर

## अजित पवार के निधन के बाद सुनेत्रा पवार संभालेंगी कमान, बनेंगी महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री

**आज ले सकती हैं शपथ**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की विमान दुर्घटना में मौत के बाद राज्य शोक में डूबा है, लेकिन पर्दे के पीछे सत्ता संतुलन को बनाए रखने की कोशिशें भी उतनी ही तेजी से शुरू हो चुकी है। शुक्रवार शाम तक यह लगभग साफ हो गया कि सुनेत्रा अजीत पवार महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनने जा रही हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित गुट) के वरिष्ठ नेता और मंत्री छगन भुजबल ने दावा किया है कि अजित पवार की पत्नी और राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार को प्रदेश का अगला उप मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस पर अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है।

▸▸सुबह 11 बजे होगी एनसीपी विधायक दल की बैठक

### एनसीपी जो भी फैसला लेगी, हम साथ खड़े हैं: सीएम फडणवीस



महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कोई भी निर्णय जो होगा वो एनसीपी लेगी. एनसीपी जो भी निर्णय लेगी हम उसके साथ खड़े हैं. चाहे वो अजीत पवार जी का परिवार हो या एनसीपी हो, हम सरकार के रूप में और भारतीय जनता पार्टी के रूप में उनके साथ मजबूती के साथ खड़े हैं.

### इनसाइड स्टोरी: सुनेत्रा पवार ने डिप्टी सीएम का पद स्वीकारा

सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को एक अहम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हुई, जिसमें मुंबई से सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल ने अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से बताचीत की। इसी वर्चुअल बैठक में पहली बार औपचारिक रूप से डिप्टी सीएम पद का प्रस्ताव सुनेत्रा पवार के सामने रखा गया। खबर है कि शुरुआती हिचक के बाद सुनेत्रा पवार ने पार्टी और सरकार के हित में पद स्वीकार करने की सहमति जता दी। सुनेत्रा पवार को डिप्टी सीएम पद के लिए हामी भरवाने में दिलीप वलसे पाटिल, प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे ने अहम भूमिका निभाई है। दिलीप वलसे पाटिल एनसीपी के वरिष्ठ नेता, पूर्व सहकारिता मंत्री और ऐसे नेता जिन्हें शरद पवार और अजीत पवार दोनों खेमों का भरोसेमंद माना जाता है। प्रफुल्ल पटेल के कहने पर वलसे पाटिल ने अपने सभी कार्यक्रम रद्द किए और तुरंत मुंबई के लिए रवाना हो गए। बताया जा रहा है कि मुंबई में उन्हीं की पहल पर एनसीपी विधायकों की निर्णायक बैठक बुलाई गई। पार्टी के अंदर माना जा रहा है कि अगर यह जिम्मेदारी किसी और के हाथ में जाती, तो विधायकों के टूटने और गुटबाजी की आशंका थी। वलसे पाटिल को इसलिए आगे किया गया क्योंकि वह संतुलन बनाने वाले नेता माने जाते हैं।

### अमरावती से मुंबई तक दिन भरा चला मीटिंग का दौर

डिप्टी सीएम के लिए सुनेत्रा पवार को राजी करने के लिए दिन भर मुंबई से अमरावती तक बैठकों का दौर चला। एनसीपी नेता डिप्टी सीएम और विभागों की मांग को लेकर मुंबई में शुक्रवार सुबह फडणवीस से मिलने उनके घर वर्षा बंगले पहुंचे। इनमें प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल और सुनील तटकरे शामिल थे। मीटिंग आधे घंटे तक चली। उधर, अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार ने नरेश अरोड़ा को राजनीतिक सलाह के लिए बारामती बुलाया। नरेश, अजित पवार के चुनावी रणनीतिकार हैं। उनकी संस्था 'डिजाइनबॉक्स' एनसीपी के लिए काम करती है।

**इतर खबर**

## विमान हादसे पर साजिश के आरोप

**एनसीपी विलय को लेकर 3 लोगों के दावे**

एक तरफ जहाँ सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया चल रही है, वहीं दूसरी ओर विपक्ष ने अजित पवार के निधन पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने विमान हादसे के पीछे गहरी साजिश की आशंका जताई है। उनका तर्क है कि जब एनसीपी के दोनों गुटों (अजित और शरद पवार) के एकीकरण की चर्चाएँ तेज थीं, ऐसे समय में यह हादसा होना कई संदेह पैदा करता है। उन्होंने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जाँच की मांग की है। अजित के करीबी किरण गुजर ने बताया कि वे दोनों गुटों को मिलाने के लिए 100% उत्सुक थे। उन्होंने पांच दिन पहले कहा था कि प्रक्रिया पूरी हो गई है और अगले कुछ दिनों में विलय होने वाला है। गुजर ने कहा कि अजीत के पास विलय और एकजुट एनसीपी के भविष्य के लिए एक रोडमैप तैयार था। एनसीपी के सीनियर नेता जयंत पाटिल ने भी कहा है कि विलय को लेकर अजित दादा और उनके बीच कई बैठकें हो चुकी थी। अजित इसे लेकर सकारात्मक थे। जिला परिषद चुनाव के बाद इस पर अंतिम निर्णय होना था। अजित दादा ने कहा था पहले स्थानीय निकाय के चुनाव गठबंधन करके लड़ा जाए, विलय का फैसला चुनाव के बाद लेंगे। एनसीपी शरद गुट के नेता एकनाथ खड़से ने कहा है कि एनसीपी के दोनों गुट एक साथ आएंगे। मर्जर तय हो चुका था।

**महाराष्ट्र में बड़ा प्रशासनिक बदलाव**

## डॉ. इकबाल सिंह चहल सेवानिवृत्त मनीषा नई अपर मुख्य सचिव

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनिषा पाटणकर-म्हैसकर को गृह विभाग का नया अपर मुख्य सचिव (ACS) नियुक्त किया है। वे इस पद को संभालने वाली राज्य की तीसरी महिला अधिकारी बन गई हैं। उनसे पहले चित्कला झुत्शी और चंद्र अय्यंगार (जिन्होंने 26/11 हमलों के दौरान सेवा दी थी) यह जिम्मेदारी निभा चुकी हैं। मनिषा इससे पहले लोक निर्माण विभाग (PWD) में कार्यरत थीं।

### पति-पत्नी के बीच विभागों की अदला-बदली

इस फेरबदल की सबसे दिलचस्प बात यह रही कि मनिषा पाटणकर-म्हैसकर द्वारा खाली किए गए लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव पद पर उनके पति, मिलिंद म्हैसकर को नियुक्त किया गया है। मिलिंद म्हैसकर इससे पहले अपर मुख्य सचिव (वन) के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। यह संभवत: राज्य प्रशासन के दुर्लभ मामलों में से एक है जहाँ पति ने अपनी पत्नी के पूर्व पद का कार्यभार संभाला है।

**3 आईएएस अफसरों का हुआ प्रमोशन, दो सेवानिवृत्त**

**गृह विभाग की कमान अब मनीषा पाटणकर-म्हैसकर के हाथ**



### वरिष्ठ अधिकारियों की पदोन्नति और नई नियुक्तियाँ

सरकार ने तीन अन्य महत्वपूर्ण अधिकारियों की जिम्मेदारियों में भी विस्तार किया है। अश्विनी भिडे को खनिकर्म विभाग के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। भुवनेश्वरी एस को अकोला बीज निगम से स्थानांतरित कर सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का संचालक बनाया गया है। एचएस वसेकर को पुणे स्थित 'महाराष्ट्र राज्य शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद' (MSCERT) के संचालक पद की जिम्मेदारी दी गई है।

### डॉ. चहल की सेवानिवृत्ति

गृह विभाग में यह बड़ा बदलाव वर्तमान अपर मुख्य सचिव डॉ. इकबाल सिंह चहल के सेवानिवृत्त होने के कारण हुआ है। डॉ. चहल 31 जनवरी, 2026 को अपनी आयु सीमा पूरी कर सेवामुक्त हो रहे हैं। डॉ. इकबाल सिंह चहल 1989 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं। उन्होंने अपनी सेवा में कई महत्वपूर्ण पद संभाले, जिसमें बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के कमिश्नर के रूप में कोविड-19 महामारी के दौरान 'मुंबई मॉडल' लागू करना प्रमुख रहा।

## अकोला में खेला, मेयर-डिप्टी मेयर पर बीजेपी का कब्जा

डीबीडी संवाददाता । अकोला

अकोला महानगरपालिका में बीजेपी ने मेयर और डिप्टी मेयर दोनों पदों पर जीत हासिल की है। शुक्रवार को हुए चुनाव में बीजेपी की शारदा खेडकर को मेयर और अमोल गोगे को डिप्टी मेयर चुना गया। चुनाव में शारदा खेडकर को अपने विरोधी के 32 वोटों के मुकाबले 45 वोट मिले। बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी गुटों सहित पार्टियों के गठबंधन अकोला शहर सुधार अघाड़ी ने खेड़कर की जीत का समर्थन किया। शिवसेना (यूबीटी) की सुरेखा काले को मैदान में उतारा था। अकोला महानगरपालिका के मेयर के चुनाव में बीजेपी को अन्य दलों के पार्षदों का समर्थन मिला।



### कांग्रेस के कैंडिडेट भी हारे

मेयर चुनावों में कांग्रेस के आजाद खान अलियार खान को 32 वोट मिले। वह डिप्टी मेयर के पद के लिए गोगे से हार गए। 80 सदस्यों वाली अकोला नगर पालिका में, बीजेपी ने 38 सीटें जीतीं, कांग्रेस ने 21, शिवसेना (UBT) ने छह, वंचित बहुजन अघाड़ी (VBA) ने पांच, AIMIM और NCP (SP) ने तीन-तीन, शिवसेना और NCP ने एक-एक सीट जीती थी। अकोला महानगरपालिका में कुल 20 वार्ड हैं। महाराष्ट्र में मुंबई बीएमसी समेत 29 महानगरपालिका के चुनाव नतीजे 16 जनवरी को घोषित किए गए थे।

## ब्रीफ न्यूज़

### बारामती विमान हादसे की सीआईडी जांच शुरू

**मुंबई।** बारामती हवाई अड्डे के पास हुए भीषण विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से पूरे राज्य में शोक की लहर फैल गई है। इस हादसे को लेकर उठ रहे सवालों और अटकलों के बीच राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मामले की जांच राज्य अपराध जांच विभाग (CID) को सौंप दी है। वहीं, केंद्र सरकार की एजेंसियां भी इस हादसे की जांच में सक्रिय हो गई हैं।

### मुंबई महापौर पद का सस्पेंस खत्म

**मुंबई।** मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में पिछले करीब 15 दिनों से जारी सत्ता संघर्ष अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच गुरुवार देर रात हुई 'डिनर डिप्लोमेसी' ने महापौर और अन्य समिति अध्यक्ष पदों के बंटवारे का मार्ग स्पष्ट किया है। अगले दो से तीन दिनों में भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) के पार्षदों के संयुक्त समूह का आधिकारिक पंजीकरण कोकण भवन में कराया जाएगा। हाल ही में संपन्न बीएमसी चुनावों में महायुति (भाजपा-शिवसेना शिंदे गुट) को मतदाताओं का समर्थन मिला, लेकिन कोई भी दल अकेले बहुमत नहीं ला सका।

## कांग्रेस पार्षदों को बस से अगवा करने की कोशिश

**चंद्रपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर से कुछ नकाबपोश लोगों ने बस से नागपुर जा रहे कांग्रेस पार्षदों को अगवा करने की कोशिश की। इस संबंध में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और एक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि गुरुवार को कुछ लोगों ने उस बस को रोका, जिसमें चंद्रपुर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (सीएमसी) के नए चुने गए पार्षद सफर कर रहे थे और कथित तौर पर नागपुर से सटे वर्धा जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे के पास कांग्रेस के पार्षदों के अपहरण की कोशिश की। हालांकि, बस में सफर कर रहे एक वरिष्ठ पार्षद ने कहा कि पार्टी समर्थकों के समय पर पहुंचने और पुलिस के दखल से स्थिति काबू में आ गई।

## चांदी की मदमस्त चाल पर ब्रेक, 24 घंटे में 88 हजार गिरा भाव

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बीते गुरुवार को सोना और चांदी की ऐतिहासिक बढ़त ने आम लोगों की टेंशन बढ़ा दी थी लेकिन एक ही दिन में सारा खेल बदल गया है। दरअसल, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) पर गुरुवार को चांदी ने 4,20,048 प्रति किलोग्राम का नया शिखर छुआ था। रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के ठीक एक दिन बाद मुनाफावसूली ने बुलियन बाजार को झकझोर कर रख दिया। मार्च में समाप्त होने वाले चांदी के वायदा भाव में लगभग 17 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 3,32,002 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया। यह गिरावट सिर्फ 24 घंटे में लगभग 21 प्रतिशत (88,046 रुपये प्रति किलोग्राम) की है।



### सोने की कीमत

MCX पर अप्रैल में समाप्त होने वाले सोने के वायदा भाव में लगभग 9 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 1,67,406 रुपये प्रति 10 ग्राम के निचले स्तर पर पहुंच गया। एक दिन पहले ही सोने के वायदा भाव ने 1,93,096 रुपये प्रति 10 ग्राम का नया उच्चतम स्तर छुआ था।

### दिल्ली सर्राफा बाजार का हाल

शुक्रवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतें 20,000 रुपये प्रति किलोग्राम लुढ़क गईं। जानकारी के मुताबिक 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 14,000 रुपये, या 7.65 प्रतिशत टूटकर 1,69,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। गुरुवार को सोने की कीमत 12,000 रुपये बढ़कर 1,83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी।

**मासिक धर्म स्वास्थ्य** ▸ **आदेश न मानने पर स्कूल की मान्यता रद्द होगी**

## देश के सभी स्कूलों की लड़कियों को निशुल्क सैनिटरी नैपकिन देने का आदेश

एजेंसी । नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट ने एक युगांतकारी फैसले में 'मासिक धर्म स्वास्थ्य' को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का अभिन्न हिस्सा घोषित किया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने स्पष्ट किया कि सुरक्षित मासिक धर्म प्रबंधन की कमी न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि यह एक लड़की की शारीरिक स्वायत्तता और गरिमापूर्ण जीवन जीने के अधिकार का उल्लंघन भी है।**




### सभी स्कूलों के लिए अनिवार्य निर्देश

अदालत ने देश के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों को कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं के लिए निशुल्क सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को केंद्र की 'राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता नीति' को तीन महीने के भीतर प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया है। यह आदेश शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के स्कूलों पर समान रूप से लागू होगा।

### स्कूल बुनियादी ढांचे का सुधार

अदालत ने आदेश दिया है कि हर स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग और स्वच्छ शौचालय होने चाहिए, जिनमें पानी और साबुन की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित हो। इसके साथ ही, स्कूलों में 'मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कॉर्नर' स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं, जहाँ आपात स्थिति के लिए अतिरिक्त यूनिफॉर्म, अंडरवियर और डिस्पोजेबल पैड जैसी आवश्यक सामग्री मौजूद रहे।

### पर्यावरण अनुकूल निपटान

छात्राओं के स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण का ध्यान रखते हुए कोर्ट ने ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी नैपकिन प्रदान करने पर जोर दिया है। शौचालयों के भीतर ही वेंडिंग मशीनें लगाने और उपयोग किए गए पैड के सुरक्षित निपटान के लिए ढके हुए कूड़ेदान और आधुनिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली विकसित करने को कहा गया है।

### समानता के अधिकार का संरक्षण

सुप्रीम कोर्ट ने रेखांकित किया कि स्कूलों में उचित शौचालयों और सैनिटरी उत्पादों की अनुपलब्धता संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में लड़कियों को स्कूल छोड़ने या कक्षाओं से अनुपस्थित रहने पर मजबूर होना पड़ता है। यह कमी उनके प्रतिस्पर्धा करने और अपनी पूरी क्षमता को साकार करने के अधिकार में बाधा उत्पन्न करती है। अदालत ने कहा कि यह केवल बुनियादी ढांचे की समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता का विषय है।

**प्लेन हादसे के बाद एक्शन में सरकार**

## सरकारी 'उड़न खटोलों' की मरम्मत के लिए 6 करोड़ मंजूर



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बारामती में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में हुई दुखद मृत्यु ने महाराष्ट्र सरकार को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के तुरंत बाद, प्रशासन ने राज्य के सभी सरकारी विमानों और हेलीकॉप्टरों की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सरकार ने अब अपने 'उड़न खटोलों' के बेड़े को तकनीकी रूप से पूरी तरह सुरक्षित और दुरुस्त बनाने के लिए एक व्यापक सुधार अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। हवाई वाहनों के तत्काल और महत्वपूर्ण मरम्मत कार्यों को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने 6 करोड़ रुपये की विशेष निधि को मंजूरी दी है। इस राशि की मांग दिसंबर 2025 के शीतकालीन सत्र के दौरान पूरक मांग के जरिए रखी गई थी।

### बीईएमएस प्रणाली के जरिए पारदर्शी आवंटन

इस बजट का वितरण और प्रबंधन बीईएमएस (बजट एक्सपेंडिचर मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से किया जाएगा, ताकि धन का आवंटन त्वरित और पारदर्शी हो। लेखा शीर्षक 2070 0156 के अंतर्गत यह राशि केवल सरकारी हवाई जहाजों के अनिवार्य सुधारों और तकनीकी अपग्रेडेशन पर ही खर्च की जा सकेगी। इसका उद्देश्य बजट प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाकर मरम्मत के कामों में होने वाली देरी को खत्म करना है।

# उल्हासनगर को मिली निर्विरोध महापौर - उपमहापौर

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

शिवसेना की अश्विनी कमलेश निकम उल्हासनगर महानगरपालिका की निर्विरोध महापौर निर्वाचित हुई हैं, जबकि भाजपा के अमर लुंड उपमहापौर चुने गए हैं। दोनों पदों की आधिकारिक घोषणा 3 फरवरी को होने वाली आम सभा में की जाएगी। शिवसेना–भाजपा गठबंधन के चलते यह चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ।

**महापौर के लिए शिवसेना की अश्विनी निकम, उपमहापौर के लिए भाजपा के अमर लुंड का नामांकन**



### नामांकन की अंतिम तिथि पर तय हुई तस्वीर

महापौर और उपमहापौर पद के लिए चुनाव 3 फरवरी को होने थे और आज नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि थी। इस दौरान शिवसेना की अश्विनी निकम ने महापौर पद के लिए और भाजपा के अमर लुंड ने उपमहापौर पद के लिए नामांकन दाखिल किया। दोनों पदों के लिए केवल शिवसेना–भाजपा गठबंधन की ओर से ही नामांकन प्राप्त होने के कारण चुनाव निर्विरोध हो गया।

### मनपा में गठबंधन, विपक्ष कमजोर

गौरतलब है कि उल्हासनगर मनपा चुनाव शिवसेना और भाजपा ने अलग–अलग लड़े थे, जिसमें भाजपा को 37 और शिवसेना को 36 सीटें मिली थीं। वंचित के 2, निर्दलीय 1 और कांग्रेस की 1 सीट है। बाद में दोनों दलों ने गठबंधन कर मनपा की सत्ता संभाली। नामांकन के समय सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, विधायक डॉ. बालाजी किनिकर, विधायक कुमार आयलनी, गोपाल लांडगे सहित शिवसेना और भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। मौजूदा राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए शहर में यह चर्चा है कि उल्हासनगर मनपा में अब कोई प्रभावी विपक्षी दल नहीं बचेगा।

## महापौर–उपमहापौर पद के लिए नामांकन दाखिल



डीबीडी संवाददाता । कल्याण

कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के महापौर और उपमहापौर पद के लिए शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इसकी जानकारी महापालिका सचिव किशोर शेलके ने दी। शिवसेना–भाजपा–मनसे महायुती की ओर से महापौर पद के लिए शिवसेना की हर्षाली विजय चौधरी ने, जबकि उपमहापौर पद के लिए भाजपा के राहुल वसंत दामले ने नामांकन दाखिल किया।

### नेताओं की मौजूदगी में पूरी हुई प्रक्रिया

नामांकन के दौरान सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, विधायक राजेश मोरे, पूर्व विधायक राजू पाटील, शिवसेना जिल्हा प्रमुख गोपाळ लांडगे, भाजपा जिल्हा अध्यक्ष नंदु परब, अरविंद मोरे सहित पूर्व पालिका अधिकारी और महापालिका सदस्य उपस्थित रहे। सूत्रों के अनुसार दोनों उम्मीदवारों ने आज आधिकारिक रूप से नामांकन प्रक्रिया पूरी की। महापौर और उपमहापौर पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया मंगलवार, 3 फरवरी 2026 को दोपहर 12:00 बजे महापालिका भवन स्थित स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर सभागृह में संपन्न होगी।

## 3 फरवरी से शहर में होगा महिला राज

डीबीडी संवाददाता । भाईंदर

मीरा भाईंदर महानगरपालिका में महापौर पद को लेकर अटकलें थम गई हैं और तस्वीर साफ हो गई है। शुक्रवार को विधायक नरेंद्र मेहता की मौजूदगी में प्रभाग 12 से जीतीं डिम्पल मेहता ने महापौर के लिए नामांकन दाखिल किया। डिम्पल, विधायक नरेंद्र मेहता की भाभी हैं। लगातार 6 बार मनपा चुनाव जीतने वाले ध्रुवकिशोर पाटील ने उपमहापौर के पद के लिए नामांकन दाखिल किया। मीरा भाईंदर मनपा के महापौर एवं उपमहापौर पद का चुनाव 3 फरवरी को होगा। शहर की जनता ने भाजपा को 78 सीटें जीतकर



स्पष्ट बहुमत दिया है। भाजपा से बगावत कर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विजयी अनिल भोसले ने भी बिना शर्त अपना समर्थन भाजपा को दे दिया है। इस तरह कुल 95 में से 79 सीटों पर कमल खिला है, जबकि बाकी 13 सीटें कांग्रेस के पास हैं और 3 सीटें धनुष-बाण (शिवसेना-शिंदे) के पास हैं। विपक्ष की मजबूती के लिए कांग्रेस और शिवसेना (शिंदे गुट) ने हाथ मिलाकर सत्ताधारी भाजपा के सामने ताल ठोंकने का प्रयास किया है।

### डिम्पल मेहता के महापौर बनने की चर्चा

महापौर पद सर्वसामान्य महिला होने के कारण डिम्पल मेहता के महापौर बनने की चर्चा शहर में शुरू हो गई थी। 30 जनवरी को भाजपा की तरफ से उनके नाम पर मुहर भी लग गई। डिम्पल मेहता लगातार दूसरी बार महापौर बनने वाली पहली महिला बन गई हैं, वहीं लगातार 6 बार मनपा चुनाव जीतने वाले ध्रुवकिशोर पाटील पहली बार उपमहापौर बनेंगे।

### यह कैसी आघाड़ी?

भाजपा के महाराष्ट्र प्रदेश प्रवक्ता शैलेश पांडे ने कांग्रेस और शिवसेना के गठबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस और शिवसेना (उबाठा) के बेमेल गठबंधन से आहत होकर बगावत करने वाले उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के नेता एवं परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने पुनः इतिहास दोहराते हुए कांग्रेस के साथ हाथ मिलाकर मीरा भाईंदर विकास आघाड़ी बना दी है। इसलिए यह उम्मीद की जा रही है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे इस बेमेल युति को शीघ्र ही भंग करेंगे। शैलेश पांडे ने यह भी कहा कि परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक अभी भी यह समझने की कोशिश नहीं कर रहे हैं कि उनके गिने–चुने कुछ नेताओं ने युति धर्म की लुटिया डुबो दी। इसके बावजूद भी कांग्रेस के साथ मिलकर वे सम्बंधों को और डैमेज कर रहे हैं और जनता के साथ विश्वासघात कर रहे हैं।

### सर्वांगीण विकास के लिए हम प्रतिबद्ध: मेहता

भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता ने कहा कि शहर के नागरिकों ने एक बार फिर हम पर विश्वास दिखाया है, इसलिए उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना हमारा कर्तव्य है। मीरा भाईंदर शहर के सर्वांगीण विकास के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। यह पांच साल मीरा भाईंदर शहर के विकास का साक्षी होंगे।

## ठाणे मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए नॉमिनेशन



डीबीडी संवाददाता । ठाणे

मनपा सचिव मनीष जोशी ने बताया कि ठाणे मनपा में मेयर पद के लिए शिवसेना की ओर से शर्मिला रोहित पिम्पोलकर और डिप्टी मेयर पद के लिए भाजपा की ओर से कृष्णा दादू पाटिल ने नामांकन दाखिल किया है। नामांकन के दौरान राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, सांसद नरेश म्हस्के, विधायक निरंजन डावखरे सहित नवनिर्वाचित कॉर्पोरेटर मौजूद रहे। मेयर और डिप्टी मेयर पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया मंगलवार, 3 फरवरी 2026 को सुबह 11.30 बजे मनपा के सेकंड फ्लोर स्थित भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ऑडिटोरियम में होगी, जिसकी अध्यक्षता ठाणे जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्णनाथ पांचाल करेंगे।

## करहा और नीरा के संगम पर हुआ अजित पवार का अस्थि विसर्जन



डीबीडी संवाददाता । बारामती

महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की अस्थियों का विसर्जन बारामती के सोनगांव में करहा और नीरा नदियों के संगम पर शुक्रवार दोपहर में किया गया। विसर्जन का अनुष्ठान अजित पवार के बेटे पार्थ पवार और जय पवार ने संपन्न किया। इस आयोजन के दौरान अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार भी उपस्थित थीं।

## कोयना प्रोजेक्ट से प्रभावित गांववाले सुविधाओं से वंचित

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

सतारा जिले में साढ़े छह दशक पहले कोयना बांध परियोजना के कारण विस्थापित हुए 80 से अधिक परिवारों की व्यथा अभी भी समाप्त नहीं हुई है। इन परिवारों को भिवंडी तहसील के करंजवाड़े गांव में बसाया गया था, लेकिन आज भी ये परिवार अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। गांव की आधिकारिक मंजूरी और 'राजस्व ग्राम' का दर्जा न होने के कारण ये लोग बुनियादी सरकारी सुविधाओं से पूरी तरह वंचित हैं।

करंजवाड़े गांव के निवासियों ने विधायक संजय केलकर से



मुलाकात कर अपना दुख व्यक्त किया कि उनकी तीन पीढ़ियां सुविधाओं के अभाव में गुजर गईं। नियमानुसार, कम से कम सात एकड़ जमीन वाले क्षेत्र को राजस्व ग्राम का दर्जा दिया जाता है, जबकि करंजवाड़े केवल चार एकड़ पर बसा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सरकार गांव को तीन एकड़ अतिरिक्त जमीन आवंटित करे ताकि इसे आधिकारिक राजस्व ग्राम घोषित किया जा सके।

### जनसंवाद कार्यक्रम में अन्य समस्याएं

भाजपा कार्यालय खोपट में आयोजित इस 'जनसेवक जनसंवाद' कार्यक्रम में केवल करंजवाड़े ही नहीं, बल्कि ठाणे और अन्य तहसीलों से भी लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। इनमें बालकुम इलाके में सड़क सुरक्षा के लिए स्पीड बंप की मांग, ठाणे ट्रांसपोर्ट सर्विस (TMT) के अनुबंध कर्मचारियों की समस्याएं, अस्पतालों के भारी–भरकम बिल और डेवलपर्स द्वारा की गई धोखाधड़ी जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल रहे। विधायक केलकर ने कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों और पदाधिकारियों के साथ मिलकर कई आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानीय समस्याओं का समाधान वे संबंधित विभागों को फोन करके तुरंत करवाएंगे, जबकि जटिल कानूनी और प्रशासनिक मुद्दों पर वे संबंधित मंत्रियों के साथ बैठक कर लोगों को न्याय दिलाएंगे। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### विकास योजनाओं और फंड से वंचित गांव

राजस्व ग्राम और 'गांव स्टेशन' का दर्जा न मिलने का सीधा असर यहां के विकास पर पड़ा है। ग्रामीणों के अनुसार, जिला परिषद द्वारा अन्य पड़ोसी गांवों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त फंड और सुविधाएं मिल रही हैं, लेकिन करंजवाड़े गांव को तकनीकी स्टेटस न होने के कारण दरकिनार कर दिया गया है। इस वजह से पिछले 65 सालों में यहां के लोगों का जीवन स्तर ऊपर नहीं उठ पाया है।

### विधायक संजय केलकर का आश्वासन

ग्रामीणों की शिकायतें सुनने के बाद विधायक संजय केलकर ने इस गंभीर मामले में हस्तक्षेप करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व गांव का दर्जा दिलाने और गांव स्टेशन की मंजूरी के लिए जल्द ही राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के कार्यालय में एक संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। केलकर ने विश्वास दिलाया कि वह इस तकनीकी बाधा को दूर करने के लिए मंत्रालय स्तर पर लगातार फॉलो–अप करेंगे।

## माता की चौकी में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति



डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ठाणे में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान 'माता की चौकी' में राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सम्मिलित होकर विधि-विधान से दर्शन एवं पूजन किया। इस आध्यात्मिक अवसर पर उनके साथ राजस्थान प्रगति मंडल के अध्यक्ष राकेश मोदी और नवनिर्वाचित नगरसेवक सिद्धार्थ पांडे भी उपस्थित रहे, जिन्होंने भक्तिमय वातावरण में माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## विरार–सूरत–वडोदरा खंड पर कवच 4.0 को किया गया कमीशन

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता को और सुदृढ़ करते हुए 344 किलोमीटर लंबे विरार–सूरत–वडोदरा खंड पर स्वदेशी विकसित ट्रेन संरक्षण प्रणाली, कवच संस्करण 4.0, को कमीशन किया। 30 जनवरी 2026 को ट्रेन संख्या 20907 दादर–भुज सायाजीनगरी एक्सप्रेस मुंबई से चलने वाली पहली कवच-सुसज्जित ट्रेन बनी।

विरार–सूरत–वडोदरा खंड के 344 किलोमीटर मार्ग पर कवच प्रणाली को 49 स्टेशनों, 57 रेडियो संचार टावरों और लगभग 700 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर केबल के साथ लागू किया गया है। यह प्रणाली सिग्नल पार करने, अधिक गति, टक्करों और मानवीय त्रुटियों के जोखिम को कम करने में सहायक है। इसके

### दादर–भुज सायाजीनगरी एक्सप्रेस मुंबई से चलने वाली पहली कवच-सुसज्जित ट्रेन बनी




अलावा, लेवल क्रॉसिंग पर ऑटो-व्हिसलिंग और लोको पायलट के केबिन में सिग्नल पहलू की पुनरावृत्ति जैसी विशेषताएं प्रतिकूल मौसम और कम दृश्यता में भी परिचालन सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं।

### विस्तार योजना और आत्मनिर्भर भारत में योगदान

पश्चिम रेलवे ने पहले दिसम्बर 2025 में वडोदरा–अहमदाबाद खंड पर कवच प्रणाली को लागू किया था, और अब कुल 435 रूट किलोमीटर में कवच प्रणाली कार्यरत है। 2667 रूट किलोमीटर को कवर करने वाले अन्य खंडों पर कवच कार्य तीव्र गति से चल रहे हैं, जिसकी अनुमानित लागत 1435 करोड़ है, और 2476 रूट किलोमीटर पर कवच कार्यों के लिए प्रस्ताव भी किए गए हैं। चरणबद्ध क्रियान्वयन के साथ, पश्चिम रेलवे अपने संपूर्ण ब्रॉड गेज नेटवर्क पर कवच का विस्तार कर रहा है, जिससे देश के लिए अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और भविष्य–तैयार रेलवे प्रणाली के निर्माण की दिशा में उसकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता पुष्ट होती है।

## तीन माह की बच्ची का अपहरण

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

मुंब्रा के खाड़ी मशीन रोड पर डीसीबी बैंक के सामने शाम करीब 6 बजे 23 वर्षीय फरजाना मोहम्मद फिरोज मंसूरी अपनी दोनों बेटियों के साथ सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान एक बुर्कानशीं महिला ने उनकी तीन माह की बेटी आफिया खातून को गोद में लेने का झांसा देकर फरार हो गई। पुलिस ने मुंब्रा स्टेशन में अपराध क्रमांक 89/2026, बीएनएस 137(2) के तहत मामला दर्ज किया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए 1600 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई और 4 विशेष जांच टीमें गठित की गईं। फुटेज से पता चला कि आरोपी महिला ऑटो रिक्शा से मुंब्रा स्टेशन आई और सीएसएमटी लोकल ट्रेन से यात्रा करते हुए बच्ची का कपड़ा और नकाब बदलती रही। जांच के दौरान उसके साथी पुरुष और एक अन्य महिला की संलिप्तता भी सामने आई।

### मुंब्रा पुलिस ने अपहृत बच्ची को सुरक्षित बरामद कर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



### बच्ची की सुरक्षित बरामदगी और आरोपी गिरफ्तार

इंशानगर, शादी महल हॉल रोड क्षेत्र से आरोपी महिला नसरीन इकलाख शेख को हिरासत में लिया गया, जिसने बच्ची के अकोला जिले के खेठरी, तालुका पातुर में होने की जानकारी दी। पुलिस टीम ने वहां से बच्ची को सुरक्षित बरामद किया और अन्य आरोपी मोहम्मद मुजीब गुलाब तथा उसकी पत्नी खैरुनिसा मुजीब मोहम्मद को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई 6 दिनों तक रोजाना 16–18 घंटे लगातार जांच, तकनीकी साक्ष्यों और गुप्तचर तंत्र के सहयोग से की गई। पुलिस आयुक्त अशुतोष डुंबरे, पुलिस सह आयुक्त ज्ञानेश्वर चव्हाण और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में यह सफलता संभव हुई।

## मुख्य सचिव ने एआई के माध्यम से सेवा विस्तार पर दिया जोर

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन में चुनौतियों को कम करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब आधुनिक तकनीक से अधिक एक प्रभावी साधन बन चुकी है। मुख्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि एआई और सहायक प्रौद्योगिकी के माध्यम से दिव्यांगों को सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराकर उन्हें समाज में स्वावलंबी बनाया जा सकता है।



मुंबई में आयोजित प्री-समिट राउंड टेबल बैठक में दिव्यांग कल्याण विभाग के सचिव तुकाराम मुंढे भी उपस्थित रहे, जिसमें दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### एआई आधारित सहायक उपकरण और नवाचार

मुख्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि एआई की सहायता से विकसित इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर, कृत्रिम हाथ–पैर, संवाद सहायक उपकरण, आई–ट्रैकिंग सिस्टम और हेड–माउस जैसी तकनीकें दिव्यांगों को स्वतंत्र जीवन जीने में मदद कर रही हैं। इसके अलावा, बौद्धिक अक्षमता और ऑटिज्म जैसे क्षेत्रों में निदान और उपचार प्रक्रिया में भी एआई की भूमिका महत्वपूर्ण साबित हो रही है। बहुभाषी चैटबॉट और डिजिटल सहायता प्रणालियों के माध्यम से दिव्यांग नागरिकों को आवश्यक जानकारी, थेरेपी केंद्रों, विशेष विद्यालयों और सरकारी योजनाओं का लाभ एक क्लिक पर मिल रहा है। गूगल, मेटा और 101 स्टार्टअप्स वर्तमान में इस क्षेत्र में सक्रिय हैं।

नई पीढ़ी के नेताओं को तैयार करने की कोशिश

# टैलेंट हंट कर रही कांग्रेस

## प्रवक्ता-मीडिया पैनलिस्ट, प्रचार कोऑर्डिनेटर समेत कई मौके मिलेंगे

धीरज सिंह | मुंबई

कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने, कांग्रेस की विचारधारा, इतिहास की समझ रखने वाले, लोकतांत्रिक और संविधानवादी लोगों को एक साझा मंच देने के लिए, एक पहल शुरू की है। राज्य के सभी स्तरों के लोगों को इस अभियान में शामिल करने के उद्देश्य से 'टैलेंट हंट' (प्रतिभा खोज) अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान में से अधिक लोग जुड़े यह आह्वान दिल्ली के पूर्व विधायक और इस अभियान के महाराष्ट्र प्रभारी हरि शंकर गुप्ता ने किया है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय तिलक भवन में आयोजित पत्रकार परिषद में 'टैलेंट हंट' अभियान की जानकारी देते हुए हरि शंकर गुप्ता ने कहा कि हर जिले में विभिन्न विषयों का गहन ज्ञान रखने वाले अनेक लोग मौजूद हैं। ऐसे लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। इसमें चयनित उम्मीदवारों को शोध विश्लेषक, प्रवक्ता तथा कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग में कार्य करने का अवसर दिया जाएगा।

### लोगों को पार्टी से जोड़ने की कवायद: सुरेशचंद्र



इस बारे में डीबीडी संवाददाता से बातचीत करते हुए मुंबई कांग्रेस के प्रवक्ता सुरेशचंद्र राजहंस ने बताया कि कांग्रेस पार्टी कांग्रेस ने पार्टी की विचारधारा को मानने और सामाजिक, ऐतिहासिक समझ रखने वाले लोगों को पार्टी से जोड़ने की कवायद शुरू की है। इसके तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की तरफ से टैलेंट हंट अभियान की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से पार्टी से जुड़ने वालों को प्राथमिक सदस्य बनाया जाएगा। साथ ही पार्टी में विभिन्न पद भी दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नए सदस्य और पुराने मिलकर पार्टी को सशक्त बनाएंगे और आगामी दिनों में इसका प्रभाव भी दिखेगा। एक तरह से कांग्रेस आगामी पीढ़ी के नेताओं को तैयार करने की पहल कर रही है।

### तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा यह कार्यक्रम

यह कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए 15 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा, जिसके बाद आवेदनों की छानबीन की जाएगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पत्रकार, इतिहासकार तथा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की समिति चयनित उम्मीदवारों के साक्षात्कार लेगी और अंततः अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अंतिम चयन करेगी। यह अभियान देशभर में शुरू है। उत्तर प्रदेश से 550 लोगों ने पंजीकरण कराया है, जबकि जम्मू-कश्मीर से 100 लोगों ने नाम दर्ज कराया है। झारखंड और ओडिशा जैसे राज्यों से भी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

### यह एक पारदर्शी कार्यक्रम: लोंढे

वरिष्ठ प्रवक्ता अतुल लोंढे ने कहा कि राजनीति में आने की इच्छा कई लोगों की होती है, लेकिन मार्ग नहीं मिलता। समाज में मौजूद प्रतिभाशाली लोगों की क्षमताओं को अवसर देने का प्रयास कांग्रेस पार्टी कर रही है। यह एक पारदर्शी कार्यक्रम है। जल्द ही राज्य के सभी छह विभागों में पत्रकार परिषदों के माध्यम से इस कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर ट्रैफिक और पॉवर ब्लॉक




मुंबई। रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT) के पुनर्विकास कार्य के तहत मध्य रेल प्लेटफार्म संख्या 16 और 17 पर 01 फरवरी 2026 से 26 अप्रैल 2026 तक ट्रैफिक एवं पॉवर ब्लॉक लागू किया जाएगा। इस दौरान प्लेटफार्म 16 और 17 पर आधारभूत कार्य और आवश्यक गतिविधियाँ की जाएंगी। ब्लॉक की कुल अवधि 85 दिन रहेगी और आरएलडीए द्वारा प्लेटफार्म को यातायात परिचालन के लिए सौंपे जाने तक यह ब्लॉक प्रभावी रहेगा।

### अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन

ब्लॉक अवधि में प्लेटफार्म संख्या 16 और 17 से रेल परिचालन निलंबित रहेगा। इसी कारण 01 फरवरी 2026 से निम्नलिखित अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की यात्रा दादर में ही समाप्त (टर्मिनेट) कर दी जाएगी: 12112 अमरावती-सीएसएमटी एक्सप्रेस, 11002 बल्लारशाह-सीएसएमटी नंदीग्राम एक्सप्रेस, 12810 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस, 11020 भुवनेश्वर-सीएसएमटी कोणार्क एक्सप्रेस, 22144 बीदर-सीएसएमटी एक्सप्रेस, 22108 लातूर-सीएसएमटी एक्सप्रेस और 22120 मडगांव-सीएसएमटी तेजस एक्सप्रेस।

### ठाणे में शॉर्ट टर्मिनेशन और यात्रियों से सहयोग

अगली सूचना तक ठाणे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12134 मंगलुरु-सीएसएमटी एक्सप्रेस का शॉर्ट टर्मिनेशन रहेगा। रेल प्रशासन ने बताया कि बुनियादी ढांचे के विकास और टर्मिनस के पुनर्विकास के लिए यह ब्लॉक अति आवश्यक है। यात्रियों से असुविधा के लिए सहयोग और समझदारी की अपील की गई है।

## अजित दादा की अंतिम इच्छा थी दोनों एनसीपी गुटों का विलय : देशमुख

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र की राजनीति में अजित पवार के निधन के बाद हलचल तेज हो गई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार गुट) के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि दिवंगत अजित दादा पवार की यह दिली इच्छा थी कि एनसीपी के दोनों गुट एक साथ आएं। उनके मुताबिक, इस दिशा में लगभग फैसला हो चुका था और केवल औपचारिक घोषणा बाकी रह गई थी।

### विलय को लेकर पहले ही बन चुकी थी सहमति

अनिल देशमुख ने कहा कि अजित दादा पवार ने एनसीपी और शरद पवार गुट के विलय के लिए कई दौर की बातचीत की थी। इसके लिए उनकी जयंत पाटिल समेत अन्य नेताओं के साथ बैठकें भी हुई थीं। देशमुख के अनुसार, पहले यह तय हुआ था कि निकाय चुनावों के बाद, 20 जनवरी तक दोनों दलों के एक होने की घोषणा कर दी जाएगी। बाद में जिला परिषद चुनाव अचानक आने से यह फैसला टल गया और फरवरी के दूसरे सप्ताह तक इसका ऐलान होना था।

### हादसे के बाद टल गया बड़ा राजनीतिक फैसला

देशमुख ने कहा कि दुर्भाग्य से इससे पहले ही यह दुखद हादसा हो गया, जिसमें अजित दादा पवार का निधन हो गया। अब इस पूरे मामले पर अंतिम फैसला परिवार और वरिष्ठ नेताओं की सहमति से लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शरद पवार, सुनेत्रा पवार, पार्थ पवार, जय पवार और परिवार के अन्य सदस्य एक साथ बैठकर इस पर विचार करेंगे। उन्होंने संकेत दिया कि तीन-चार दिन बाद इस दिशा में कोई निर्णय सामने आ सकता है।

### सुनेत्रा पवार के उपमुख्यमंत्री बनने पर खुशी

अनिल देशमुख ने कहा कि अगर सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री बनाया जाता है, तो यह बेहद खुशी की बात होगी। उन्होंने साफ किया कि यह फैसला जल्दबाजी में नहीं बल्कि परिवार की सहमति और सम्मान के साथ लिया जाएगा। देशमुख के अनुसार, अजित दादा के जाने से जो खालीपन बना है, उसे भरने के लिए संवेदनशील और संतुलित निर्णय जरूरी है।

## केआरके को ओशिवारा फायरिंग मामले में जमानत

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



ओशिवारा फायरिंग की घटना से जुड़े मामले में फिल्म क्रिटिक कमाल राशिद खान उर्फ केआरके को अंधेरी मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 25 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दे दी है। केआरके को 23 जनवरी को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था और अब हफ्ते भर बाद उन्हें राहत मिली है।

### क्या था मामला ?

मुंबई के अंधेरी ओशिवारा स्थित एक रिहायशी इमारत में दो बार फायरिंग की आवाज सुनाई दी, लेकिन किसी तरह की जान-माल की हानि नहीं हुई। रिहायशी बिल्डिंग में लेखक-निर्देशक नीरज कुमार मिश्रा और मॉडल प्रतीक वैध भी रहते हैं। शुरुआती जांच में पुलिस ने पाया कि फायरिंग केआरके के घर की तरफ से हुई थी। पूछताछ में केआरके ने कहा कि वे केवल अपनी लाइसेंसी बंदूक की सफाई कर रहे थे और किसी को नुकसान पहुँचाने का इरादा नहीं था। पुलिस ने उनकी बंदूक और मौके से जिंदा कारतूस बरामद किए। कोर्ट में केआरके ने दावा किया कि किसी अनजान शख्स ने फायरिंग की और पुलिस के दावों को गलत बताया। उन्होंने यह भी कहा कि बॉलीवुड स्टार्स पर उनकी टिप्पणियों की वजह से उन्हें फंसाया जा रहा है।

## गड्ढे में गिरा आदमी, ठेकेदार और कंपनी पर केस दर्ज

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बोरीवली पूर्व इलाके में सड़क मरम्मत के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसकी चार पसलियां टूट गईं और गर्दन में गंभीर चोट आई। इलाज के बाद पीड़ित ने सड़क मरम्मत का काम कर रहे ठेकेदार और संबंधित कंपनी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। कस्तूरबा मार्ग पुलिस थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, यह घटना पिछले वर्ष दिसंबर में हुई थी। एग्रीगेटर कैब चालक परमानंद मौर्य (46) हाल ही में अपनी चोटों से उबरने के बाद बुधवार को पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। पीड़ित के अनुसार, कार्टर रोड नंबर 7 पर सड़क की खुदाई की गई थी, लेकिन वहां किसी भी प्रकार के चेतावनी संकेत, बैरिकेड या सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए थे। अपने घर जाते समय वह अनजाने में उस गड्ढे में गिर गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। शिकायत में बताया गया है कि उनके इलाज पर करीब छह लाख रुपये का खर्च आया।

### इन लोगों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर




पुलिस के मुताबिक, प्राथमिकी (एफआईआर) में ठेकेदार कंपनी बीएसपीएल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के संस्थापक मानव शाह, अध्यक्ष प्रदीप पांडे और ठेकेदार यश मेहता समेत कुल चार लोगों के नाम शामिल हैं। फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत (पावर) कार्य**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (पावर), **मुंबई सेंट्रल (Sr. DEE/P/BCT), पश्चिम रेलवे निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा -निविदा सूचना संख्या: EL-81-85-11-WA-71 दिनांक: 27.01.2026 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थान:** नरदाणा – इलेक्ट्रॉनिक इन-मोशन वेइंग ब्रिज (EIMWB) की व्यवस्था से संबंधित विद्युत (पावर) कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** 9,59,871/- **अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD):** 19,200/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 26.02.2026 को 15:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 26.02.2026 को 15:30 बजे अधिक जानकारी एवं विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट देखें: www.ireps.gov.in 1060

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–प्रापण सूचना क्रमांक: ई–55/2026 दिनांक 29.01.2026, टेंडर क्रमांक:** 48251129, PL No. 98412206 Est. No. 25120057 **मदों का विवरण:** फटे–पुराने कपड़े का पलंग (कटी–फटी चादरों की बिक्री) [निरीक्षण एजेंसी: CONSG, निरीक्षण चरण: लागू नहीं, चरण: 0 ] [UVAM लिंकिंग: ] वस्तु का प्रकार: माल (आपूर्ति) **मात्रा:** 300 MT **निविदा खुलने की नियत तारीख:** 3rd March 2026 **निविदा मूल्य:** रु. 1,90,13,496/– टेंडर्स का पूरा ब्योरा मध्य रेलवे की अधिकृत वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। सभी दस्तावेज वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। **DE-860**

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें

**पश्चिम रेलवे**

**वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (कार्यशाला), पश्चिम रेलवे, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400013 निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा संख्या: E-26/25R1 दिनांक: 23.01.2026 आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम:** लोअर परेल कैरिज वर्कशॉप में स्थापित विभिन्न मशीनों में लगे विभिन्न कंपनियों के VVVF एवं VFD ड्राइव्स के लिए तीन वर्षों की अवधि हेतु समग्र वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध, कार्य के दायरे (Scope of Work) के अनुसार। टेंडर नोटिस संख्या: EL/WA/PL/2025- **अनुमानित लागत:** 19,52,593.20 **अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD):** 39,100/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 20.02.2026 को 12:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 20.02.2026 को 12:30 बजे अधिक जानकारी एवं विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट देखें: www.ireps.gov.in 1057

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## सावरकर सदन को वास्तु विरासत स्थल का दर्जा देने की सिफारिश



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के दादर स्थित निवास 'सावरकर सदन' को वास्तु विरासत स्थल का दर्जा दिए जाने योग्य बताते हुए मुंबई उच्च न्यायालय में शपथपत्र दाखिल किया। यह शपथपत्र अभिनव भारत कांग्रेस के पंकज फडणीस द्वारा दायर जनहित याचिका पर दाखिल किया गया, जिस पर मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ सुनवाई कर रही है।

सावरकर सदन 1938 में निर्मित दो मंजिला इमारत है, जिसमें वीर सावरकर 1966 तक निवासरत रहे। यह स्थल केवल उनके निवास स्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां उन्होंने सुभाष चंद्र बोस समेत कई राष्ट्रीय नेताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठकें और विचार-विमर्श किए। इस ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व के कारण एएसआई ने इसे राज्य संरक्षित स्मारक या नगरपालिका विरासत स्थल के रूप में सूचीबद्ध करने की सिफारिश की है।

### वर्तमान स्थिति और संरक्षण प्रयास

हालांकि यह इमारत केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित स्मारक नहीं है, लेकिन एएसआई ने इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व को देखते हुए राज्य या महानगरपालिका द्वारा संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। वर्तमान में सावरकर सदन के भूतल पर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट द्वारा एक कक्ष को मिनी संग्रहालय के रूप में संचालित किया जा रहा है, जिसमें सावरकर के जीवन और कार्यों से संबंधित सामग्री प्रदर्शित की गई है।

## मुंबई में खराब हुई हवा

मुंबई। महाराष्ट्र में तापमान और मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव जारी हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश का अनुमान जताया है। बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया के कारण राज्य के कई हिस्सों में बादल छाए रहने और बारिश होने की संभावना है। हालांकि मुंबई में मौसम साफ रहेगा, यहां अधिकतम तापमान 28.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24.4 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। मुंबई में गुरुवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 309 तक पहुंच गया था, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। इससे सांस लेने में परेशानी, आंखों और गले में जलन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि शुक्रवार को एयर क्वालिटी में कुछ सुधार आया है। सायन और वडाला जैसे इलाकों में हवा 'खतरनाक' स्तर तक पहुंच गई थी। निर्माण कार्य और वाहनों से निकलने वाला धुआं व एमिशन इस खराब हवा के प्रमुख कारण हैं।

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या–1**

निविदा क्रमांक: 51256053

विभाग/रेलवे स्टोर/मध्य रेलवे समापन: 05.03.2026

**निविदा शीर्षक:** सीएमएस क्रॉसिंग 1 इन 12 की आपूर्ति के लिए 60 किलोग्राम का अनुबंध जारी है। **संशोधन**

**1) एनआईटी हेडर**

| फील्ड का नाम | मौजूदा तिथि | संशोधित तिथि |
| --- | --- | --- |
| निविदा खुलने की तिथि/समय | 27.01.2026 को 11:30 | 05.03.2026 को 11:30 |

**प्राप्तकर्ता**

| फील्ड का नाम | मौजूदा मूल्य | संशोधित मूल्य |
| --- | --- | --- |
| प्राप्तकर्ता नाम/स्थान | SSE/PWAY/STORE/PA | SSE/PWAY/STORE/PA |
| मात्रा | 120 सेट | 270.00 सेट |
| प्राप्तकर्ता नाम/स्थान | SSE/PWAY/STORE/BND | SSE/PWAY/STORE/BND |
| मात्रा | 120 सेट | 360.00 सेट |
| प्राप्तकर्ता नाम/स्थान | SSE/PWAY/STORE/BSL | SSE/PWAY/STORE/BSL |
| मात्रा | 120 सेट | 350.00 सेट |
| प्राप्तकर्ता नाम/स्थान | SSE/PWAY/STORE/SUR | SSE/PWAY/STORE/SUR |
| मात्रा | 120 सेट | 270.00 सेट |
| प्राप्तकर्ता नाम/स्थान | SSE/PWAY/STORE/AQ | SSE/PWAY/STORE/AQ |
| मात्रा | 120 सेट | 350.00 सेट |

DE-858 प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें

**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**

(महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)

म्हाडा MHADA

दूरभाष: 022-66405250 ई-मेल: eee.east1@gmail.com

क्रमांक: EE/East/MSIB/e-tender/Labour Soc/61/2025-26

कार्यकारी अभियंता (पूर्व) विभाग, मुंबई स्लम इम्प्रूवमेंट बोर्ड (MHADA की इकाई), कक्ष क्रमांक 536, चौथा तल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400051 दूरभाष: (022) 66405251 कार्यकारी अभियंता (पूर्व) विभाग, मुंबई स्लम इम्प्रूवमेंट बोर्ड (MHADA की इकाई) द्वारा DDR, ईस्ट, सबर्ब, मुंबई में पंजीकृत श्रम सहकारी संस्थाओं से B1 (प्रतिशत दर) पद्धति में कुल 03 कार्यों के लिए ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे तथा वहीं से डाउनलोड किए जा सकेंगे। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। निविदा दस्तावेज विक्रय प्रारंभ: 03/02/2026 को अपराह्न 03:05 बजे से निविदा दस्तावेज विक्रय समाप्ति: 10/02/2026 को सायं 06:15 बजे तक यदि कोई संशोधन / परिशिष्ट (Corrigendum/Amendments) जारी किया जाता है, तो वह केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी को बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। शर्तयुक्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

Follow us: @mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/50

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (पूर्व),
एम.एस.आई.बी. बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र में अग्रणी आवास प्राधिकरण

**पश्चिम रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**प्रथम शुद्धिपत्र निविदा संख्या: IND/UJN/SIMHASTHA/01** उक्त निविदा की निविदा **आमंत्रण सूचना (NIT) में निम्नलिखित संशोधन किया गया है:** पूर्व में NIT में मुद्रित विवरण: उप मुख्य अभियंता (निर्माण)–I, पश्चिम रेलवे, इंदौर (म.प्र.) द्वारा ई-निविदा दो-पैकेट प्रणाली एवं दो-चरणीय रिवर्स ऑक्शन के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। **संशोधित विवरण (अब इस प्रकार पढ़ा जाए): उप मुख्य अभियंता (निर्माण)–I, पश्चिम रेलवे, इंदौर (म.प्र.) द्वारा ई-निविदा दो-पैकेट प्रणाली के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत (अपरिवर्तित) रहेंगी।** 1077

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**एयर कंडीशनिंग सिस्टम का समग्र वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (पावर), **मुंबई सेंट्रल (Sr. DEE/P/BCT), पश्चिम रेलवे निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा सूचना संख्या: EL-Maint-4-340-WA-17 दिनांक: 28.01.2026 आमंत्रित की जाती है। कार्य एवं स्थान:** मुंबई सेंट्रल स्थित जगजीवन राम अस्पताल। विभिन्न वार्डों में स्थापित Carrier कंपनी के VRF आउटडोर यूनिट्स एवं कैसेट एयर कंडीशनर्स के लिए 2 वर्षों की अवधि हेतु समग्र वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (CAMC)। **कार्य की अनुमानित लागत:** 45,88,797/- **अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD):** 91,800/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 20.02.2026 को 15:00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 20.02.2026 को 15:30 बजे अधिक जानकारी एवं विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट देखें: www.ireps.gov.in 1066

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**नोटिस**

यह पब्लिक नोटिस सभी लोगों को यह बताने के लिए है कि हमारे बॉरोअर **मंगेश रमेश कबाड़ी** और को-बॉरोअर **रमेश शांताराम कबाड़ी** ने पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पहले दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) से नीचे दिए गए एनेक्सर में बताई गई प्रॉपर्टी पर लोन लिया था। उस प्रॉपर्टी का विवरण इस तरह है:

**परिशिष्ट**

**गाँव:शहापुर, ता. शहापुर, जिला. ठाणे** शहर सर्वे क्रमांक 284, 285,286 संपत्ति उपर के परीस्पर्श स्वप्नोत्सव, बी विंग, प्रथम मजला, फ्लैट क्रमांक 104, कारपेट क्षेत्र-479.32 चौ. फुट और टेरेस क्षेत्र-28.00 चौ. फुट और फ्लैट क्रमांक 105, कारपेट क्षेत्र-668.54 चौ. फुट और टेरेस क्षेत्र-52.00 वर्ग फुट।

मेरे मुवक्किल **श्री मंगेश रमेश कबाड़ी** ने इस ऋण का भुगतान कर दिया है। लेकिन हमारे बेनिफिशियरी के पिता **श्री रमेश शांताराम कबाडी** का 04-10-2019 को देहांत हो गया है। इसलिए, **श्री मंगेश रमेश कबाड़ी** ने बैंक से अपेंडिक्स में बताई गई प्रॉपर्टी के ओरिजिनल डॉक्यूमेंट्स और टाइटल डीड लेने के लिए एक एप्लीकेशन दी है। किंतु, अगर किसी वारिस या व्यक्ति का इस प्रॉपर्टी और इस लोन केसंबंध में कोई भी कानुनी रिश्ता है, तो उन्हें इस नोटिस के पब्लिश होने की तारीख से **15 दिनों** के अंदर नीचे दिए गए पते पर सही दस्तावेजों के साथ लिखित आपत्ति दाखील करनी होगी। लेकिन, अगर ऊपर बताए गए समय में किसी से कोई ऑब्जेक्शन या किसी भी तरह के लीगल सपोर्ट डॉक्यूमेंट्स नहीं मिलते हैं, तो पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड इस प्रॉपर्टी के सभी ओरिजिनल डॉक्यूमेंट्स और टाइटल डीड कर्जदार **श्री मंगेश रमेश कबाड़ी** को सौंप देंगे इसीलिए सभी लोग ध्यान दें कि उसके बाद मिलने वाले किसी भी ऑब्जेक्शन पर विचार नहीं किया जाएगा।

पता -02, ग्राउंड फ्लोर, ए विंग, मालती विहार सीएचएस लि., इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास, सावंत नगर, चेरपोली, ता.शहापुर, जिला. ठाणे-421601.

सही/-
**रीमा मिलिंद पाटोळे वकील**
पाटोळे एंड एसोसिएटस के लिए एडवोकेट

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**

**— सार्वजनिक सूचना —**

महाराष्ट्र (नगरीय क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं संवर्धन अधिनियम, 1975 (जनवरी 2018 में संशोधित) की धारा 8(3)(क) के अंतर्गत, परिमंडल 02 के 'जी/दक्षिण' विभाग से संबंधित 01 प्रस्ताव (कुल 01 प्रस्ताव) को माननीय महानगरपालिका आयुक्त एवं अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण / वृक्ष प्राधिकरण समिति की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

उपरोक्त प्रस्ताव के अंतर्गत वृक्षों की कटाई / पुनःरोपण (Transplantation) से संबंधित विस्तृत जानकारी बृहन्मुंबई महानगरपालिका की वेबसाइट www.mcgm.gov.in पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका संबंधी विभाग एवं खातेवार जानकारी पुस्तिका उद्यान एवं वृक्ष प्राधिकरण दस्तावेज इस लिंक पर उपलब्ध है। (सूचना क्रमांक: 1079 – जी/दक्षिण)

**कार्यालय का पता:**
उद्यान अधीक्षक का कार्यालय, पेंग्विन भवन, दूसरी मंजिल, वीरमाता जिजाबाई भोसले उद्यान, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मार्ग, भायखळा (पूर्व), मुंबई – 400027।
दूरभाष: 23742162
ई-मेल: sg.gardens@mcgm.gov.in

हस्ता/-
उद्यान अधीक्षक
एवं वृक्ष अधिकारी

पीआरओ/2821/विज्ञा./2025-26

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

# स्वास्थ्य, गरिमा और नीति का सवाल

भारत में महिलाओं का मासिक धर्म स्वास्थ्य लंबे समय तक सामाजिक व नीतिगत उपेक्षा का शिकार रहा है। सेनेटरी पैड जैसे बुनियादी स्वास्थ्य साधन पर खुलकर बात करना अब भी कई इलाकों में वर्जित माना जाता है। ऐसे में जब यह विषय सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे तक पहुंचता है, तो यह केवल एक उत्पाद का प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि महिलाओं की गरिमा, स्वास्थ्य और समान अधिकार का मुद्दा बन जाता है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका में मांग की गई कि देश की सभी महिलाओं और किशोरियों को मुफ्त या रियायती दर पर सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए जाएं। याचिका में तर्क दिया गया कि मासिक धर्म स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है और इससे जुड़ी स्वच्छता सुविधाएं राज्य की जिम्मेदारी होनी चाहिए। याचिकाकर्ता ने इसे महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके शिक्षा और रोजगार के अधिकार से भी जोड़ा। इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की कि यह विषय निस्संदेह सार्वजनिक स्वास्थ्य और महिला कल्याण से जुड़ा है, लेकिन नीतिगत निर्णयों में न्यायपालिका की एक सीमा होती है। अदालत ने स्पष्ट किया कि सेनेटरी पैड का मुफ्त वितरण जैसे कदमों पर अंतिम फैसला सरकार और विधायिका को लेना चाहिए, क्योंकि इससे बजट, संसाधन और कार्यान्वयन से जुड़े व्यापक प्रश्न जुड़े होते हैं। हालांकि अदालत ने याचिका को केवल तकनीकी आधार पर खारिज नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्यों को इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की सलाह दी और यह भी माना कि मासिक धर्म स्वच्छता की कमी के कारण लाखों लड़कियां स्कूल छोड़ने को मजबूर होती हैं। अदालत की यह टिप्पणी अपने आप में महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह समस्या की सामाजिक गहराई को स्वीकार करती है। सुप्रीम कोर्ट का यह रुख यह दर्शाता है कि न्यायालय सामाजिक संवेदनशीलता को समझते हुए भी शक्तियों के संतुलन को बनाए रखना चाहता है। अदालत ने यह संकेत दिया कि वह सरकार को दिशा दिखा सकती है, लेकिन नीति बनाना उसका कार्य नहीं है। यह भारतीय लोकतंत्र में संस्थाओं की भूमिका को रेखांकित करता है। इस निर्णय या टिप्पणी के बाद एक बार फिर यह बहस तेज हो गई है कि क्या सेनेटरी पैड को मौलिक अधिकार के दायरे में लाया जाना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि स्वच्छता और स्वास्थ्य का अधिकार पहले से ही जीवन के अधिकार का हिस्सा है, लेकिन इसे व्यवहार में लागू करने के लिए ठोस सरकारी इच्छाशक्ति जरूरी है। आज भी देश के ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में बड़ी संख्या में महिलाएं कपड़े, राख या अन्य अस्वास्थ्यकर साधनों का उपयोग करने को मजबूर हैं, जिससे संक्रमण और गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। सरकार द्वारा चलायी जा रही कुछ योजनाएं सराहनीय हैं, लेकिन उनका दायरा और पहुंच अब भी सीमित है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को यदि सकारात्मक रूप में देखा जाए, तो यह सरकार के लिए एक नैतिक दबाव है। अदालत ने कानून नहीं बनाया, लेकिन समाज को आईना जरूर दिखाया है। अब जिम्मेदारी सरकारों की है कि वे इसे केवल महिला कल्याण की योजना न मानकर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का अहम हिस्सा बनाएं। अंततः सेनेटरी पैड का सवाल सब्सिडी या मुफ्त वितरण तक सीमित नहीं है। यह महिलाओं की गरिमा, समानता और आत्मसम्मान से जुड़ा मुद्दा है। सुप्रीम कोर्ट ने भले ही इसे सीधे आदेश के रूप में न बदला हो, लेकिन इस विषय को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में लाकर उसने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब देखना यह है कि नीति निर्माता इस संवेदनशील संकेत को कितनी गंभीरता से लेते हैं।

शख्सियत | मेजर सोमनाथ शर्मा

## साहस, त्याग और अटूट देशभक्ति



**भारतीय सेना के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार, परमवीर चक्र के प्रथम प्राप्तकर्ता मेजर सोमनाथ शर्मा का नाम साहस, त्याग और अटूट देशभक्ति का पर्याय है। उनका जीवन न केवल सैनिकों के लिए, बल्कि हर उस भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है जो देशप्रेम की भावना को सर्वोपरि मानता है।**

मेजर सोमनाथ शर्मा का जन्म 31 जनवरी, 1923 को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में हुआ था। वीरता उनके रक्त में थी; उनके पिता, अमरनाथ शर्मा, सेना में जनरल थे और उनके परिवार के कई अन्य सदस्य भी सैन्य सेवाओं में समर्पित थे। सोमनाथ बचपन से ही बहादुर और दृढ़ निश्चयी थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा नैनीताल में हुई, जिसके बाद वे रॉयल मिलिट्री कॉलेज, सैंडहर्स्ट (देहरादून) में शामिल हुए।

22 फरवरी, 1942 को उन्हें चौथी कुमाऊं रेजिमेंट में कमीशन मिला। उनके सैन्य करियर की शुरुआत द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बर्मा अभियान से हुई, जहाँ उन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवाया।

मेजर सोमनाथ शर्मा की वीरता की सबसे बड़ी परीक्षा तब हुई जब 1947 में भारत-पाकिस्तान विभाजन के तुरंत बाद पाकिस्तानी कबाइलियों (पाकिस्तानी सेना समर्थित) ने कश्मीर पर हमला कर दिया। 3 नवंबर, 1947 को मेजर सोमनाथ की टुकड़ी को श्रीनगर हवाई अड्डे की सुरक्षा के लिए बडगाम में तैनात किया गया था। यह स्थान सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण था, क्योंकि यदि दुश्मन हवाई अड्डे पर कब्जा कर लेता, तो कश्मीर का भारत से संपर्क कट जाता। मेजर शर्मा की टुकड़ी में केवल कुछ ही सैनिक थे, जबकि सामने से लगभग 700 से अधिक हथियारों से लैस हमलावर बढ़ रहे थे। एक और बड़ी समस्या यह थी कि मेजर सोमनाथ का एक हाथ हॉकी खेलते समय लगी चोट के कारण प्लास्टर में था। डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी थी, लेकिन उन्होंने रणभूमि में जाने की जिद की। जब दुश्मन ने तीन तरफ से भारी गोलाबारी शुरू की, तो मेजर सोमनाथ ने पीछे हटने के बजाय डटकर मुकाबला करने का फैसला किया। उन्होंने अपनी यूनिट का मनोबल बढ़ाने के लिए स्वयं गोलियां और बारूद के डिब्बे सैनिकों तक पहुँचाए, जबकि उनका हाथ चोटिल था।

जब दुश्मन उनकी चौकी के बिल्कुल करीब पहुँच गया, तब मेजर सोमनाथ ने अपने ब्रिगेड मुख्यालय को रेडियो पर अपना अंतिम संदेश भेजा:

**'दुश्मन हमसे केवल 50 गज की दूरी पर है। हमारी संख्या बहुत कम है। हम भीषण गोलाबारी की चपेट में हैं। लेकिन, मैं एक इंच भी पीछे नहीं हटूंगा और अपनी आखिरी गोली और आखिरी सैनिक तक डटा रहूँगा।'**

इसके कुछ ही समय बाद, एक मोर्टार का गोला सीधे उनके पास रखे बारूद के ढेर पर गिरा, जिससे एक जबरदस्त धमाका हुआ। मेजर सोमनाथ शर्मा ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त की। उनके इस बलिदान ने भारतीय सुदृढ़ीकरण बल को समय पर पहुँचने का अवसर दिया, जिससे श्रीनगर हवाई अड्डा और कश्मीर सुरक्षित रह सका। मेजर सोमनाथ शर्मा की इस अभूतपूर्व बहादुरी के लिए भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया। वे इस सम्मान को पाने वाले पहले भारतीय बने।

बजट 2026

# आर्थिक सर्वे की दिशा और आम आदमी की आकांक्षाएं



सीए. डॉ. सुनील शर्मा
मुंबई में निवास

बढ़ती प्रॉपर्टी कीमतों और ऊंची ब्याज दरों के बीच अपना घर खरीदना लगातार कठिन होता जा रहा है। ऐसे में धारा 24(b) के तहत होम लोन ब्याज पर मिलने वाली छूट की सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करना एक बड़ी राहत साबित हो सकता है। किराये के मोर्चे पर भी स्थिति चुनौतीपूर्ण है। बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद जैसे शहरों में तेजी से बढ़ते किराये ने वेतनभोगी कर्मचारियों का बजट बिगाड़ दिया है। यदि इन शहरों को मेट्रो श्रेणी में शामिल किया जाता है, तो HRA टैक्स छूट के माध्यम से लाखों कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा।

जैसे-जैसे केंद्रीय बजट 2026 का दिन, 1 फरवरी, नजदीक आ रहा है, देशभर में उम्मीदों का पारा तेज़ी से चढ़ता जा रहा है। यह उत्सुकता केवल कॉर्पोरेट बोर्डरूम, शेयर बाजार या उद्योग संगठनों तक सीमित नहीं है, बल्कि मध्यम वर्गीय परिवारों, वेतनभोगी कर्मचारियों, छोटे व्यापारियों, किसानों और पेंशनभोगियों के घरों तक महसूस की जा सकती है। पिछले कुछ वर्षों में महंगाई, ब्याज दरों और वैश्विक अनिश्चितताओं ने आम आदमी की जेब पर दबाव बढ़ाया है, ऐसे में बजट 2026 से राहत, सरलता और आर्थिक सुरक्षा की अपेक्षा स्वाभाविक है।

29 जनवरी 2026 को संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण ने भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति और दिशा पर एक संतुलित लेकिन आशावादी तस्वीर प्रस्तुत की है। सर्वे के अनुसार, वित्त वर्ष 2027 में भारत की GDP विकास दर 6.8% से 7.2% के बीच रहने का अनुमान है। यह दर वैश्विक मंदी, भू-राजनीतिक तनाव और सप्लाई चेन चुनौतियों के बावजूद भारत की मजबूत आंतरिक मांग और निवेश क्षमता को दर्शाती है।

महंगाई के मोर्चे पर भी सर्वे अपेक्षाकृत राहत देने वाला है। कोर और हेडलाइन मुद्रास्फीति में सीमित बढ़ोतरी के संकेत हैं, जिन्हें फिलहाल नियंत्रण में माना गया है। हालांकि, खाद्य और ईंधन की कीमतों पर वैश्विक कारकों का प्रभाव बना हुआ है, जिसे लेकर सतर्कता आवश्यक है। राजकोषीय अनुशासन सरकार की प्राथमिकता बना हुआ है। नवंबर 2025 तक राजकोषीय घाटा बजटीय अनुमान का 62.3% रहा है और सरकार इसे वित्त वर्ष 2027 में GDP के 4.4% तक सीमित रखने के लक्ष्य पर कार्यरत है। यह संकेत देता है कि सरकार विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश कर रही है। आर्थिक सर्वे के सकारात्मक संकेतों के बावजूद, आम निवेशक की कुछ वास्तविक चिंताएं बनी हुई हैं। विशेष रूप से लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (LTCG) टैक्स को लेकर बाजार में लंबे समय से असंतोष है। यदि सरकार विभिन्न एसेट क्लासेज—जैसे इक्विटी, डेट, रियल एस्टेट और गोल्ड—के बीच कर संरचना में अधिक समानता लाती है, तो निवेशकों का




विश्वास मजबूत होगा और लॉन्ग टर्म निवेश को बढ़ावा मिलेगा। बीमा क्षेत्र में नई कर व्यवस्था के तहत 80C और 80D जैसी कटौतियों का अभाव मध्यम वर्ग को खल रहा है। स्वास्थ्य और जीवन बीमा आज केवल टैक्स बचत का साधन नहीं, बल्कि आर्थिक सुरक्षा की अनिवार्य आवश्यकता बन चुके हैं। यदि सरकार इन कटौतियों को पुनर्संरचित या पुनः लागू करती है, तो यह परिवारों को पर्याप्त सुरक्षा कवर लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इसके साथ ही, डिजिटल लेंडिंग और बीमा प्रीमियम फाइनेंसिंग को लेकर सरल KYC नियम और स्पष्ट दिशानिर्देश आवश्यक हैं। इससे बीमा उत्पादों की पहुंच बढ़ेगी और फाइनेंशियल इनक्लूजन को बल मिलेगा। बजट 2026 से मध्यम वर्ग की सबसे बड़ी उम्मीद 'घर' से जुड़ी हुई है। बढ़ती प्रॉपर्टी कीमतों और ऊंची ब्याज दरों के बीच अपना घर खरीदना लगातार कठिन होता जा रहा है। ऐसे में धारा 24(b) के तहत होम लोन ब्याज पर मिलने वाली छूट की सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करना एक बड़ी राहत साबित हो सकता है।

किराये के मोर्चे पर भी स्थिति चुनौतीपूर्ण है। बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद जैसे शहरों में तेजी से बढ़ते किराये ने वेतनभोगी कर्मचारियों का बजट बिगाड़ दिया है। यदि इन शहरों को मेट्रो श्रेणी में शामिल किया जाता है, तो HRA टैक्स छूट के माध्यम से लाखों कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा। करदाताओं के लिए केवल टैक्स दरें ही नहीं, बल्कि प्रक्रियागत सरलता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। प्रस्तावित 'कॉमन ITR फॉर्म', ऑटो-पॉप्युलेटेड डेटा और रियल-टाइम रिफंड सिस्टम से न केवल अनुपालन आसान होगा, बल्कि करदाताओं के हाथ में अधिक नकदी (Liquidity) भी बचेगी। इससे उपभोग बढ़ेगा, जो आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण इंजन है।

**निष्कर्ष :** बजट 2026 को केवल टैक्स स्लैब में बदलाव तक सीमित नहीं रहना चाहिए। यह बजट 'विकसित भारत' की दिशा में एक ठोस रोडमैप प्रस्तुत करने का अवसर है। बढ़ती महंगाई, वैश्विक अनिश्चितता और घरेलू खर्चों के दबाव के बीच, वेतनभोगी वर्ग को स्टैंडर्ड डिडक्शन में बढ़ोतरी और 80C की सीमा में दशक भर बाद तार्किक संशोधन की पूरी उम्मीद है। आर्थिक सर्वे के आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि भारत की बुनियादी आर्थिक संरचना मजबूत है। अब आवश्यकता है कि सरकार व्यक्तिगत आयकर में कुछ 'डिस्पोजेबल इनकम' छोड़कर उपभोग को प्रोत्साहित करे। इससे न केवल आम आदमी को राहत मिलेगी, बल्कि आर्थिक चक्र को भी नई गति प्राप्त होगी।


लेख में व्यक्त विचार लेखक के निजी हैं और उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है।

जीवन मंत्र

# विश्वास: जीवन की अदृश्य शक्ति

**विश्वास वह धुरी है जिस पर पूरी दुनिया टिकी है। यह कोई साधारण शब्द नहीं, बल्कि एक ऐसी अदृश्य शक्ति है जो असंभव को संभव बनाने का सामर्थ्य रखती है।**

यदि आपके पास स्वयं पर, अपने लक्ष्यों पर और उस परम शक्ति पर अडिग विश्वास है, तो दुनिया की कोई भी बाधा आपको आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। महान दार्शनिकों ने कहा है कि ₹विश्वास में वो शक्ति है जिससे उजड़ी हुई दुनिया में भी प्रकाश लाया जा सकता है।₹ जब हम किसी कार्य को शुरू करते हैं, तो हमारे पास केवल एक विचार और उसे पूरा करने का विश्वास होता है। यह विश्वास ही है जो हमें कठिन समय में टूटने नहीं देता। आत्म-विश्वास (Self-confidence) सफलता क पहली सीढ़ी है। यदि आप खुद पर भरोसा नहीं करेंगे, तो दुनिया आप पर भरोसा क्यों करेगी? विश्वास हमें सिखाता है कि बीज बोने और फल मिलने के बीच एक समय होता है। वह समय 'धैर्य' का है, जिसे विश्वास ही सींचता है।संदेह वह दीमक है जो आपकी क्षमताओं को अंदर ही अंदर खोखला कर देता है। कई बार हम लक्ष्य के बहुत करीब होते हैं, लेकिन मन में उठा एक छोटा सा संदेह हमारे कदमों को पीछे खींच लेता है। याद रखें, एक छोटा सा कदम भी अगर पूरे विश्वास के साथ उठाया जाए, तो वह मंजिल की ओर ले जाता है, जबकि संदेह में उठाए गए सौ कदम भी आपको वहीं खड़ा रखते हैं। विश्वास रिश्तों की नींव है, व्यापार का आधार है और व्यक्तिगत विकास का मंत्र है। जब आप विश्वास के साथ आगे बढ़ते हैं, तो ब्रह्मांड की सारी शक्तियां आपकी मदद के लिए एकजुट हो जाती हैं। विश्वास का अर्थ यह नहीं है कि परिस्थितियां हमेशा आपके पक्ष में होंगी, बल्कि विश्वास का अर्थ यह है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, आप उनसे पार पा लेंगे। अंत में, विश्वास एक चुनाव है। आज ही डर और संशय को छोड़कर विश्वास का मार्ग चुनें। अपनी मेहनत पर यकीन रखें और फिर देखें कि कैसे आपका जीवन एक प्रेरणादायक कहानी में बदल जाता है।



जीवन ऊर्जा | जैकी रॉबिन्सन : जन्म 31 जनवरी 1919 | जन्म


# नफरत से नफरत खत्म नहीं होती

**जैकी रॉबिन्सन का जन्म 31 जनवरी 1919 में जॉर्जिया (अमेरिका) में हुआ। वे मेजर लीग बेसबॉल में खेलने वाले पहले अफ्रीकी-अमेरिकी बने और नस्लीय भेदभाव की दीवार तोड दी। खेल के साथ सामाजिक समानता की लडाई लडते हुए उन्होंने नागरिक अधिकार आंदोलन को नई दिशा दी।**

ऐसा जीवन जो दूसरों के जीवन को बेहतर न बनाए, उसका कोई अर्थ नहीं। मैं कभी भी आसान रास्ता चुनने वाला इंसान नहीं रहा। नफरत से नफरत खत्म नहीं होती, इसके लिए समझ और साहस चाहिए। आप चाहे खेल के मैदान में हों या समाज में, अन्याय के खिलाफ खडे रहना जरूरी है। साहस डर की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि डर के बावजूद आगे बढना है। जीत केवल स्कोरबोर्ड पर नहीं, चरित्र में दर्ज होती है। मैं इसलिए नहीं लडा कि मुझे खेलना था, मैं इसलिए लडा ताकि मेरे बाद रास्ता आसान हो। सम्मान मांगने से नहीं, संघर्ष से मिलता है। इतिहास उन्हीं को याद रखता है जो बदलाव का जोखिम उठाते हैं। मैंने अपमान सहा, क्योंकि मैं जानता था कि मेरी चुप्पी भविष्य की आवाज बनेगी। अन्याय के सामने तटस्थ रहना भी अन्याय का साथ देना है। सिर्फ प्रतिभा काफी नहीं होती, इंसान होना ज्यादा जरूरी है। मेरे पास खोने को बहुत कुछ था, लेकिन समाज के पास पाने को उससे ज्यादा। समानता कोई एहसान नहीं, यह अधिकार है। मैं किसी एक रंग के लिए नहीं, इंसानियत के लिए खेला। अगर मेरी सफलता से किसी और का रास्ता खुलता है, तो वही मेरी सबसे बडी जीत है। हिम्मत वही दिखाता है जो अपमान को भी उद्देश्य में बदल दे। खेल ने मुझे मंच दिया, लेकिन इंसाफ की लडाई मेरी पहचान बनी। मैं अकेला था, लेकिन मेरे पीछे आने वालों की भीड मेरी ताकत थी। जब आप इतिहास बदलते हैं, तो विरोध स्वाभाविक होता है। खामोशी कभी भी क्रांति नहीं लाती। मैंने मैदान पर भी वही लडाई लडी, जो समाज में लडी जा रही थी। साहस संक्रामक होता है, एक खडा होता है तो कई खडे हो जाते हैं। मुझे गुस्सा आता था, लेकिन मैंने उसे लक्ष्य में बदल दिया। अगर मैं झुक जाता, तो आने वाली पीढियां झुकने को मजबूर होतीं। इंसान का मूल्य उसकी चमडी से नहीं, उसके चरित्र से तय होना चाहिए। मैं इतिहास बनना नहीं चाहता था, मैं इंसाफ चाहता था।




सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश



# संत कबीर मानवता के महान बुनकर

बनारस की गलियों में एक साधारण जुलाहे के रूप में जीवन व्यतीत करने वाले संत कबीर का व्यक्तित्व और कृतित्व अद्वितीय है। एक ओर जहाँ वे दिन भर चरखे पर कपड़ा बुनते थे, वहीं दूसरी ओर वे अपनी वाणियों से समाज की कुरीतियों और वैचारिक जड़ता को काटते थे। कबीर का 'साधारण' होना ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति थी, क्योंकि उन्होंने सत्य को किसी ऊंचे सिंहासन या राजमहल में नहीं, बल्कि जीवन की सामान्य जद्दोजहद में पाया था। उनकी आँखों में सत्य की वह चमक थी जो बड़े-बड़े विद्वानों को निरुत्तर कर देती थी। कबीर ने सिखाया कि धर्म कोई कर्मकांड नहीं, बल्कि एक सहज जीवन शैली है। उनका चरखा केवल सूत नहीं कातता था, बल्कि वह जीवन के दर्शन को भी सुलझाता था। उनके लिए ईश्वर मंदिर या मस्जिद की चहारदीवारी में कैद कोई वस्तु नहीं थी, बल्कि वह तो प्रत्येक मनुष्य के भीतर धड़कने वाली चेतना थी। कबीर के जीवन का एक अत्यंत प्रभावशाली प्रसंग काशी की उस पंडित सभा से जुड़ा है, जहाँ वेदों और शास्त्रों की भारी-भरकम चर्चा हो रही थी। जब एक अहंकारी पंडित ने कबीर की जाति और शिक्षा पर प्रहार किया, तो कबीर ने अपनी कालजयी पंक्तियों—₹पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय, ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय₹—से ज्ञान की परिभाषा ही बदल दी। कबीर ने स्पष्ट किया कि यदि ज्ञान मनुष्य के भीतर करुणा और प्रेम नहीं उपजा सकता, तो वह केवल एक बौद्धिक अहंकार है। सच्चा विद्वान वह नहीं जिसने हज़ारों पुस्तकें पढ़ी हों, बल्कि वह है जिसने मानवता के दर्द को समझा हो। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि सत्य सरल होता है और उसे पाने के लिए किसी विशेष भाषा या शास्त्र की नहीं, बल्कि एक शुद्ध हृदय की आवश्यकता होती है। ज्ञान जब प्रेम से मिलता है, तभी वह प्रकाश बन पाता है। मानवता और अध्यात्म के बीच के सेतु को कबीर ने त्याग और सेवा के माध्यम से परिभाषित किया। एक अशांत अमीर सेठ के उदाहरण से उन्होंने समझाया कि मन की शांति बाहरी दान-पुण्य से नहीं, बल्कि आंतरिक निस्वार्थ भाव से आती है। कबीर का दर्शन था कि जो हम अपने स्वार्थ के लिए बचाकर रखते हैं, वह मात्र 'भोग' है, लेकिन जो हम दूसरों की पीड़ा हरने के लिए समर्पित कर देते हैं, वही सच्चा 'प्रसाद' है। उन्होंने मंदिर के पत्थर में भगवान ढूँढने वालों को आईना दिखाया कि ईश्वर त्याग में प्रकट होता है। इसके साथ ही, निंदा के प्रति उनका दृष्टिकोण आज के असहिष्णु समाज के लिए संजीवनी है। उन्होंने सिखाया कि आलोचना से डरना नहीं चाहिए, बल्कि निंदक को अपने पास रखना चाहिए क्योंकि वह बिना साबुन और पानी के हमारे स्वभाव की गंदिगी साफ कर देता है। महानता प्रतिक्रिया देने में नहीं, बल्कि स्वयं को बेहतर बनाने में निहित है। अंततः कबीर का पूरा जीवन 'अहंकार के विसर्जन' की एक गाथा है। उनका मानना था कि जब तक मनुष्य के भीतर 'मैं' यानी अहंकार का वास है, तब तक परमात्मा का अनुभव असंभव है। उन्होंने कहा—₹जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाहीं।₹ यह दर्शन हमें सिखाता है कि भक्ति का अर्थ स्वयं को मिटाकर ईश्वरमय हो जाना है। कबीर ने हिंदू-मुस्लिम, ऊंच-नीच और जाति-पाति की बेड़ियों को तोड़कर एक ऐसे समाज की कल्पना की जहाँ मानवता ही एकमात्र धर्म हो। उनके 600 वर्ष पुराने शब्द आज भी उतने ही ज्वलंत और प्रासंगिक हैं, जो हमें याद दिलाते हैं कि पूजा से पहले प्रेम, भक्ति से पहले मानवता और ज्ञान से पहले नम्रता सीखना अनिवार्य है। कबीर आज भी अपनी वाणियों के माध्यम से हमें एक बेहतर और संवेदनशील मनुष्य बनने की प्रेरणा दे रहे हैं।




पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



## अपने विचार

प्रधानमंत्री ने न केवल देश में, बल्कि संयुक्त राष्ट्र (UN) जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी ये गमछा पहनकर नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति का सम्मान किया है। किसी एक नेता के व्यवहार से नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति कमजोर नहीं होगी। राहुल गांधी चाहे जो करें, नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति हमेशा फलती-फूलती रहेगी।



-अमित शाह
गृहमंत्री, भारत सरकार

शुरुआती जानकारी के अनुसार, इसी कंपनी का एक विमान तीन साल पहले मुंबई में इसी तरह दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। बताया जा रहा है कि यह घटना कम विजिबिलिटी के कारण हुई। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को इस घटना की पूरी जांच करनी चाहिए। सवाल यह भी कि जिस कंपनी का विमान क्रैश हुआ है उसके मिनों का मेंटिनेंस कौन कर रहा है?



-दिग्विजय सिंह
नेता, कांग्रेस

महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं, एक सोच हैं वह सोच जिसे कभी एक साम्राज्य ने, कभी नफरत की विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की असफल कोशिश की। मगर राष्ट्रपिता ने हमें आजादी के साथ यह मूलमंत्र दिया कि सत्ता की ताकत से बड़ी सत्य की शक्ति होती है -और हिंसा व भय से बड़े अहिंसा और साहस।



-राहुल गांधी
नेता विपक्ष

अब कांग्रेस इकोसिस्टम और हामिद अंसारी उस ग़ज़नवी का महिमामंडन कर रहे हैं, जिसने सोमनाथ मंदिर को नष्ट और अपवित्र किया। वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विरोध करते हैं और औरंगजेब व उन लोगों के अपराधों को सफेदपोश बनाते हैं जिन्होंने हिंदुओं पर अत्याचार किए।"



-शहजाद पूनावाला
प्रवक्ता, भाजपा

अपने विचार

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### एमएमआर में ओलिव ग्रुप की वापसी, एयरपोर्ट ज़ोन पर फोकस

नवी मुंबई। दक्षिण भारत की जानी-मानी रियल एस्टेट कंपनी ऑलिव ग्रुप ने नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास विकसित हो रहे नैना (एनएआईएनए) नवी मुंबई एयरपोर्ट इन्फ्लुएंस नोटिफ़िएड एरिया क्षेत्र पर फोकस करते हुए मुंबई महानगर क्षेत्र में फिर से सक्रिय कदम बढ़ाए हैं। टाउन प्लानिंग योजनाओं और बड़े पैमाने पर सार्वजनिक बुनियादी ढांचा निवेश के कारण इस क्षेत्र की विकास संभावनाएं तेजी से उभर रही हैं। 42 वर्षों से अधिक की विरासत रखने वाले ऑलिव ग्रुप ने केरल, बेंगलुरु और तमिलनाडु में 47 लाख वर्ग फुट से ज्यादा आवासीय और हॉस्पिटैलिटी परियोजनाएं पूरी की हैं। एमएमआर में कंपनी की भविष्य की विकास पाइपलाइन 1 करोड़ वर्ग फुट से अधिक बताई जा रही है। कंपनी की रणनीति 'नैना' क्षेत्र की चरणबद्ध टाउन प्लानिंग योजनाओं पर आधारित है, जिससे ज़ोनिंग, सड़क नेटवर्क और आधारभूत ढांचे को लेकर स्पष्टता मिल रही है। ऑलिव ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पी. वी. मैथाई ने कहा कि नवी मुंबई देश के सबसे तेज़ी से विकसित हो रहे शहरी बाजारों में शामिल है, जहां नीति, नियोजन और इंफ्रास्ट्रक्चर एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट, मेट्रो, एक्सप्रेसवे, सड़कें, यूटिलिटीज़ और आईटी-लॉजिस्टिक्स हब में बड़े पैमाने पर सार्वजनिक निवेश पहले से तय है। ऑलिव ग्रुप अगले पांच वर्षों में एयरपोर्ट प्रभाव क्षेत्र में लगभग 50 लाख वर्ग फुट विकास की योजना बना रहा है।

### 58वीं डाक पेंशन अदालत का 17 मार्च को आयोजन

मुंबई। मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, महाराष्ट्र सर्किल, मुंबई द्वारा डाक विभाग के पेंशनभोगियों और परिवार पेंशनभोगियों के लिए 58वीं डाक पेंशन अदालत 17 मार्च 2026 को सुबह 11.30 बजे मुख्य पोस्टमास्टर जनरल कार्यालय, महाराष्ट्र सर्किल, मुंबई – 400 001 में आयोजित की जाएगी। इस पेंशन अदालत में महाराष्ट्र और गोवा राज्य के सेवानिवृत्त/सेवाकाल में निधन हुए कर्मचारियों की पेंशन हितलाभों से संबंधित शिकायतों का निपटारा किया जाएगा, जिनका तीन माह के भीतर समाधान नहीं हुआ है। अदालत में केवल पेंशन हितकारी मुद्दों पर विचार किया जाएगा; कानूनी बिंदु जैसे उत्तराधिकार, वेतन वृद्धि, नीतिगत मसले, अनुशासनिक मामलों की शिकायतें और डी.पी.सी. समीक्षा लंबित मामले शामिल नहीं होंगे। पेंशनधारक अपनी शिकायत व्यक्तिगत रूप से, संलग्न प्रपत्र में तीन प्रतियों में तैयार कर वरिष्ठ लेखा अधिकारी/सचिव, पेंशन अदालत, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल कार्यालय, महाराष्ट्र सर्किल, मुंबई जी.पी.ओ. भवन, पहली मंजिल, मुंबई – 400 001 को भेज सकते हैं।

# मध्य रेल पर 1 फरवरी को मेगा ब्लॉक

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल, मुंबई मंडल पर 1 फरवरी 2026 (रविवार) को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों के लिए मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान मेन लाइन और हार्बर लाइन के उपनगरीय खंड प्रभावित रहेंगे। रेलवे प्रशासन के अनुसार, यह ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

### हार्बर लाइन सेवाएं प्रभावित, विशेष ट्रेनें चलेंगी




हार्बर लाइन पर कुर्ला और वाशी स्टेशनों के बीच अप और डाउन लाइनों पर सुबह 11:10 बजे से शाम 16:10 बजे तक ब्लॉक रहेगा। इसके चलते सीएसएमटी मुंबई से वाशी/बेलापुर/पनवेल जाने वाली डाउन सेवाएं सुबह 10:34 बजे से 15:36 बजे तक और पनवेल/बेलापुर/वाशी से सीएसएमटी की ओर आने वाली अप सेवाएं सुबह 10:17 बजे से 15:47 बजे तक रद्द रहेंगी। ब्लॉक अवधि में सीएसएमटी–कुर्ला और पनवेल–वाशी खंडों पर विशेष लोकल ट्रेनें चलाई जाएंगी, जबकि हार्बर लाइन के यात्रियों को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक ठाणे–वाशी/नेरुल मार्ग से यात्रा की अनुमति दी गई है।

### मेन लाइन पर ट्रेनों का डायवर्जन

मेन लाइन पर ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच अप और डाउन फास्ट लाइन पर सुबह 10:40 बजे से दोपहर 15:40 बजे तक ब्लॉक रहेगा। इस अवधि में सीएसएमटी मुंबई से सुबह 9:34 बजे से दोपहर 15:03 बजे तक प्रस्थान करने वाली डाउन फास्ट/सेमी-फास्ट लोकल ट्रेनें डाउन स्लो लाइन से चलाई जाएंगी और कालवा, मुंब्रा व दिवा स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव होगा। वहीं, कल्याण से सुबह 10:28 बजे से दोपहर 15:40 बजे तक चलने वाली अप फास्ट/सेमी-फास्ट ट्रेनें अप स्लो लाइन से डायवर्ट की जाएंगी और अपने गंतव्य पर करीब 10 मिनट की देरी से पहुंचेंगी। इस दौरान मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को भी वैकल्पिक लाइनों से चलाया जाएगा।

### चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल के बीच जम्बो ब्लॉक

पश्चिम रेलवे द्वारा रविवार, 1 फरवरी 2026 को चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन फास्ट लाइनों पर ट्रैक, सिगनलिंग प्रणाली तथा ओवरहेड उपकरणों के अनुरक्षण हेतु जम्बो ब्लॉक लिया जायेगा। यह ब्लॉक 10:35 बजे से 15:35 बजे तक कुल पाँच घंटे को होगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान सभी फास्ट लाइन की ट्रेनें चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के बीच स्लो लाइनों पर चलाई जाएँगी। इसके अलावा, कुछ अप एवं डाउन उपनगरीय सेवाएँ निरस्त रहेंगी, जबकि चर्चगेट की ओर जाने वाली कुछ ट्रेनों को बांद्रा/दादर पर ही शॉर्ट-टर्मिनेट कर वहीं से रिर्टन चलाया जाएगा। प्रभावित ट्रेनों की विस्तृत सूची उपनगरीय खंड के सभी स्टेशनों पर स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध रहेगी।

# संकल्प प्रीमियर लीग संस्करण 2 का समापन

डीबीडी संवाददाता | भाईंदर

मीरा रोड (पूर्व) के पूनम सागर आवासीय संकुल स्थित संकल्प सोसाइटी के प्रांगण में आयोजित संकल्प प्रीमियर लीग (SPL) संस्करण 2 का शानदार समापन हुआ। इस रोमांचक मुकाबले में एक बार फिर 'संकल्प लीजेंड्स' ने फाइनल जीतकर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, जबकि 'संकल्प मेवरिक्स' उपविजेता रही। फाइनल के रोमांच को मशहूर कमेंटेटर आशीष पांडे ने अपनी जादुई आवाज से और भी यादगार बना दिया। व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात करें तो प्रतीक गोंडः प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, आर्यन सिंहः सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और वीर दामाः सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने हिस्सा लिया। संकल्प हाउसिंग सोसाइटी क्रिकेट के प्रति अपने जुनून के लिए पूरे शहर में प्रसिद्ध है। इसी का परिणाम है कि यहाँ के युवा क्रिकेटर ऋषभ सिंह वर्तमान में इंग्लिश काउंटी खेलकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं और इस वर्ष आईपीएल (IPL) में चयन के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। SPL कमेटी के सदस्य व काउंटी प्लेयर ऋषभ सिंह, जीत शोरे, खुशी मेहरा, ऋषि देवगढ़िया, प्रतीक गोंड और आर्यन सिंह की टीम ने एक सराहनीय पहल की।

### संकल्प लीजेंड्स फिर बने चैंपियन



# अनुभवी प्रदीप कुमार ने संभाला जीएम का कार्यभार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक प्रदीप कुमार ने रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अनुसार 29 जनवरी 2026 से पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। प्रदीप कुमार भारतीय रेल यांत्रिक इंजीनियरिंग सेवा के 1989 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं और उन्हें भारतीय रेल में तीन दशकों से अधिक का व्यापक अनुभव प्राप्त है।

### अलग-अलग जोन में निभाई अहम जिम्मेदारियां

अपने सेवाकाल के दौरान प्रदीप कुमार ने पश्चिम रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, ईस्ट कोस्ट रेलवे और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सहित कई जोनल रेलों में महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदार पदों पर कार्य किया है। उन्होंने कैरिज वर्कशॉप अजमेर में प्रोडक्शन इंजीनियर, कोटा व वडोदरा में मंडल यांत्रिक इंजीनियर, पश्चिम रेलवे में उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (योजना एवं वर्कशॉप) तथा मुंबई कैरिज रिपेयर वर्कशॉप में उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (उत्पादन) के रूप में सेवाएं दी हैं।

### नेतृत्वकारी पदों का लंबा अनुभव

इसके अलावा प्रदीप कुमार ने कोटा वैगन रिपेयर शॉप में उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (मरम्मत) और वरिष्ठ ईडीपीएम के रूप में भी कार्य किया है। उन्होंने दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता में मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर, IRIMEE जमालपुर में वरिष्ठ प्रोफेसर, ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक तथा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी जैसे अहम नेतृत्वकारी पदों पर भी अपनी सेवाएं दी हैं।

# सीआईएसएफ 'वंदे मातरम्' तटीय साइक्लोथॉन-2026 का वर्चुअल शुभारंभ

डीबीडी संवाददाता | नई दिल्ली/मुंबई

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा आयोजित 'वंदे मातरम्' तटीय साइक्लोथॉन-2026 का वर्चुअल फ्लैग-ऑफ समारोह बुधवार को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश की विशाल तटरेखा की सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है।

### शहीदों और जवानों को श्रद्धांजलि

सीआईएसएफ ने रेखांकित किया कि 'वंदे मातरम्' साइक्लोथॉन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस आयोजन के माध्यम से देश के स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों और सुरक्षा बलों के जवानों के बलिदान को सम्मान दिया गया।

### समुदायों की भागीदारी पर जोर



इस साइक्लोथॉन में विशेष रूप से मछुआरा समुदायों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया है। चूंकि ये समुदाय समुद्र के सबसे करीब रहते हैं, इसलिए इन्हें तटीय सुरक्षा की 'पहली कड़ी' माना जाता है। सीआईएसएफ का प्रयास है कि इन समुदायों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल सुरक्षा बलों तक पहुँच सके। अभियान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया गया है। साइकिल चलाने के माध्यम से जहाँ एक ओर फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर युवाओं में अनुशासन और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की भावना को मजबूत किया जा रहा है। सीआईएसएफ को उम्मीद है कि यह अभियान देश के युवाओं को आंतरिक सुरक्षा के प्रति अधिक जिम्मेदार बनाएगा।

### तटीय सुरक्षा और तस्करी पर प्रहार

सीआईएसएफ मुख्यालय के अनुसार, यह अभियान विशेष रूप से तटीय क्षेत्रों में बढ़ते सुरक्षा खतरों को देखते हुए तैयार किया गया है। इसका प्राथमिक लक्ष्य समुद्री मार्गों के माध्यम से होने वाली नशीले पदार्थों, हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ नागरिकों को सचेत करना है। इस पहल के जरिए आम लोगों को सुरक्षा एजेंसियों की 'आंख और कान' बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। समारोह को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि भारत की लंबी तटरेखा केवल आर्थिक और सामरिक केंद्र नहीं है, बल्कि लाखों लोगों की आजीविका का आधार भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तटीय सुरक्षा देश की आंतरिक सुरक्षा का एक अभिन्न हिस्सा है और इसे सुनिश्चित करना केवल बलों की नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने इस अभियान को राष्ट्रभक्ति का एक जीवंत उदाहरण बताया।

# महिला सशक्तिकरण और कैंसर जागरूकता के लिए आयोजन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के होटल ताज लैंड्स एंड में प्रसिद्ध राजनेता और फैशन डिजाइनर शाइना एनसी ने सीएफबीपी की पायल कोठारी और 'वी केयर फाउंडेशन' के सहयोग से एक भव्य वॉक शो और कार्यक्रम का आयोजन किया। 30 जनवरी 2026 को आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण का जश्न मनाना, महिलाओं की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करना और कैंसर की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों की प्रभावशाली महिलाओं ने एकजुट होकर समाज में बदलाव का संदेश दिया।

### फैशन और संगीत के जरिए एकजुटता का संदेश



इस कार्यक्रम में पैनल चर्चा, शानदार फैशन शो और दिल छू लेने वाली संगीतमय प्रस्तुतियों का संगम देखने को मिला। फैशन वॉक के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए शाइना एनसी ने कहा कि यह रनवे केवल ग्लैमर के लिए नहीं, बल्कि महिला शक्ति और कैंसर जागरूकता की दिशा में एक साहसी कदम था। मशहूर हस्ती ओरी (Orry) और जया सावंत भी इस अवसर पर मौजूद थीं। वहीं, अभिनेत्री और गायिका इयूलिया वंतूर ने एक प्रेरणादायक गीत गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और शाइना एनसी के इस नेक प्रयास की सराहना की।

### समाज की दिग्गज हस्तियों की भागीदारी

इस पहल में तान्या श्रॉफ, फये डिसूज़ा, फराह खान, आभा सिंह और ज़ेबा कोहली जैसी कई जानी-मानी हस्तियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने कैंसर जैसी बीमारी के खिलाफ शिक्षा और समर्थन के महत्व पर जोर दिया। जया सावंत ने इसे आशा की एक किरण बताया, जहाँ फैशन और संवाद के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास किया गया।

# दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के बीच चल रही दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 09085 मुंबई सेंट्रल – इंदौर त्रि-साप्ताहिक स्पेशल को 27 फरवरी, 2026 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09086 इंदौर – मुंबई सेंट्रल त्रि-साप्ताहिक स्पेशल को 28 फरवरी, 2026 तक विस्तारित किया गया है। ट्रेन संख्या 09057 सूरत – मंगलुरु द्वि-साप्ताहिक स्पेशल को 25 फरवरी, 2026 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09058 मंगलुरु – सूरत द्वि-साप्ताहिक स्पेशल को 26 फरवरी, 2026 तक विस्तारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, ट्रेन संख्या 09057 सूरत – मंगलुरु स्पेशल के समय में संशोधन किया गया है और अब यह ट्रेन सूरत से 19:40 बजे के बजाय 19:35 बजे प्रस्थान करेगी।

# शब-ए-बरात पर चलाई जाएंगी दो अतिरिक्त स्लो स्पेशल लोकल ट्रेनें

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



पश्चिम रेलवे द्वारा शब-ए-बरात के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने हेतु 03/04 फरवरी, 2026 की मध्यरात्रि को चर्चगेट से विरार एवं विरार से चर्चगेट के लिए दो अतिरिक्त स्लो स्पेशल लोकल ट्रेनें चलाई जाएँगी। 04 फरवरी, 2026 को चर्चगेट-विरार स्पेशल लोकल (स्पेशल 1) चर्चगेट से 02:35 बजे प्रस्थान करेगी और 04:15 बजे विरार पहुँचेगी। इसी प्रकार, 04 फरवरी, 2026 को विरार-चर्चगेट स्पेशल लोकल (स्पेशल 2) विरार से 01:42 बजे प्रस्थान करेगी और 03:22 बजे चर्चगेट पहुँचेगी। ये दोनों लोकल ट्रेनें सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।

# तीसरे और छठे जहाज का निर्माण कार्य शुरू

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

नवरत्न डीपीएसयू माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए 14 फास्ट पेट्रोल वेसल (FPV) में से तीसरे जहाज (यार्ड-16503) का उत्पादन 25 मार्च 2025 को शुरू किया था। इसके बाद, 29 जनवरी 2026 को तीसरे जहाज का कील लेइंग समारोह और छठे जहाज (यार्ड-16506) का प्लेट कटिंग समारोह आयोजित किया गया। कील लेइंग समारोह की अध्यक्षता डीआईजी विनोद सखाकर, CSO (टेक) CGRACHQ (पश्चिम) ने की, जबकि प्लेट कटिंग समारोह के अध्यक्ष डीआईजी शशि भूषण, CSO (रिफिट) CGRACHQ (पश्चिम) थे। समारोह में एमडीएल के कार्यकारी निदेशक श्री ए. विनोद, आईसीजी, क्लासिफिकेशन सोसाइटी (ABS और IRS) और एमडीएल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### परियोजना का महत्व और तकनीकी विवरण



एमडीएल ने आईसीजी के साथ 14 FPV के डिज़ाइन, निर्माण और वितरण के लिए 1070 .47 करोड़ रुपये की परियोजना पर अनुबंध किया है। प्रत्येक वेसल वाटरजेट प्रोपल्शन ड्राइव से सुसज्जित होगा, जो 33 समुद्री मील से अधिक संविदात्मक गति प्रदान करेगा। ये पोत ड्यूल क्लास (ABS और IRS) के तहत वर्गीकृत किए जाएंगे। इन फास्ट पेट्रोल वेसल को उच्च गति वाले जलयान के रूप में डिज़ाइन किया गया है।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, ध्यान रखें। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**वृष** घर-परिवार के साथ आराम तथा मनोरंजन के साथ समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोध होगा। काम करते समय लापरवाही न करें। चोट लग सकती है।

**मिथुन** किसी भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग उभर सकता है। सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। महत्वपूर्ण निर्णय लेने का समय नहीं है। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कर्क** यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें। वरिष्ठजनों की सलाह काम आएगी।

**सिंह** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। विवाद से बचें। काम में मन नहीं लगेगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। विवेक का प्रयोग करें। आय बनी रहेगी।

**कन्या** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मनपसंद भोजन की प्राप्ति संभव है। पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ आनंदायक समय व्यतीत होगा।

**तुला** सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**वृश्चिक** बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। अनावश्यक परेशानी खड़ी हो सकती है।

**धनु** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर** घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**कुंभ** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है। बुद्धि का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी।

**मीन** किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। झंझटों में न पड़ें। जल्दबाजी से हानि होगी। आलस्य हावी रहेगा।

# कर्मों की परछाईं और जीवन की पीड़ा




प्रियंका जैन
9769994439

मनुष्य के जीवन में दुख, रोग और संकट आते ही सबसे पहला प्रश्न यही उठता है— मैंने ऐसा क्या किया था कि मुझे यह सब झेलना पड़ रहा है? कई बार लोग कहते हैं कि उन्होंने तो किसी का बुरा नहीं किया, फिर भी जीवन में बीमारियाँ हैं, मानसिक अशांति है, धन और संबंधों की परेशानियाँ हैं। ऐसे क्षणों में ईश्वर को कठोर, निर्दयी या पक्षपाती मान लेने की प्रवृत्ति भी दिखाई देती है। लेकिन भारतीय दर्शन की गहराई में उतरकर देखें तो एक बहुत सूक्ष्म और गहन सत्य सामने आता है— ईश्वर हमारे कर्मों का दंडदाता नहीं है, बल्कि कर्म स्वयं अपने फल लेकर लौटते हैं। भगवान साक्षी हैं, व्यवस्था हैं, लेकिन हमारे सुख-दुख के निर्माता हमारे अपने ही कर्म होते हैं।

कर्म का सिद्धांत यह कहता है कि जैसा हम बोते हैं, वैसा ही काटते हैं। यह आवश्यक नहीं कि हर कर्म का फल इसी जन्म में मिल जाए। कुछ कर्म तत्काल फल देते हैं, कुछ समय लेकर पकते हैं और कुछ अगले जन्म में परिणाम बनकर सामने आते हैं। जैसे बीज को आज बोया जाए तो वह तुरंत फल नहीं देता, उसे समय, पानी और मौसम चाहिए, वैसे ही कर्म भी समय के साथ अपना रूप प्रकट करते हैं। इसी कारण कई बार एक निर्दोष-सा दिखने वाला व्यक्ति कष्ट भोगता हुआ दिखाई देता है और एक अधर्मी सुख में डूबा हुआ। यह अंतर केवल वर्तमान जीवन को देखने से समझ में नहीं आता, इसके लिए कर्मों की लंबी यात्रा को समझना पड़ता है।

जब शास्त्र यह कहते हैं कि पाप कर्म रोग के रूप में लौटते हैं, तो इसका अर्थ केवल शारीरिक बीमारी से नहीं है। रोग का अर्थ है संतुलन का टूटना—शरीर का, मन का, संबंधों का और जीवन की दिशा का। जो व्यक्ति दूसरों को पीड़ा देता है, छल करता है, प्रकृति का दोहन करता है, कमजोरों का शोषण करता है, उसके भीतर धीरे-धीरे असंतुलन जन्म लेता है। वही असंतुलन आगे चलकर रोग, दुर्भाग्य और मानसिक कष्ट का कारण बनता है। यह कोई दैवी दंड नहीं, बल्कि जीवन की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है।

हमारे पूर्वजों ने प्रतीकात्मक भाषा में यह समझाने का प्रयास किया कि किस प्रकार के कर्म किस प्रकार के दुख बनते हैं। जब कहा गया कि झूठ और धोखाधड़ी करने वाला व्यक्ति उल्टी जैसी बीमारी से ग्रस्त होता है, तो उसका भाव यह है कि उसका अंतर्मन स्वयं को स्वीकार नहीं कर पाता, भीतर ही भीतर उसे अपने ही कर्मों से घृणा होने लगती है। जब कहा गया कि कटु वचन बोलने वाला हृदय रोग से पीड़ित होता है, तो यह संकेत है कि कठोरता और क्रूरता सबसे पहले हृदय को ही प्रभावित करती है। इसी तरह प्रकृति को नुकसान पहुँचाने वाले, वृक्ष काटने वाले या जीवों को अनावश्यक पीड़ा देने वाले व्यक्ति का शरीर भी भीतर से क्षीण होने लगता है, क्योंकि वह उस प्राकृतिक संतुलन को तोड़ देता है जिसका वह स्वयं हिस्सा है।

कुछ शास्त्रीय उदाहरणों में यह भी बताया गया है कि विशेष प्रकार के पाप अगले जन्म में पशु या पक्षी योनि में जन्म का कारण बनते हैं। इसका गूढ़ अर्थ यह है कि जो व्यक्ति विवेक, करुणा और नैतिकता को त्याग देता है, वह अपने ही व्यवहार से मानवीय चेतना से नीचे गिर जाता है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### नहर में समाई कार, इंजीनियर समेत दो की मौत

मुजफ्फरपुर। देवरिया थाना क्षेत्र के एकमा चौक पर शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया, जब एक कार अनियंत्रित होकर वैशाली नहर में जा गिरी। हादसे में कार सवार दो लोगों की डूबने से मौत हो गई, जिससे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने पुल के नीचे नहर में डूबी कार देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों और क्रेन की मदद से वाहन को बाहर निकाला। कार के अंदर मिले दोनों युवक अचेत थे और जांच में उनकी मौत की पुष्टि हुई। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान बिजली विभाग के कनीय अभियंता शनि कुमार और कर्मी अफजल कुमार के रूप में हुई है। दोनों शहर में रहकर ड्यूटी कर रहे थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### रिश्वत लेते धरा गया बिजली विभाग का अवर अभियंता

बरेली। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की बरेली मंडल इकाई ने बदायूं में विद्युत विभाग के एक अवर अभियंता को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। कार्रवाई सिविल लाइन क्षेत्र के रसूलपुर बिलहरी गांव में आयोजित बिजली बिल जमा कैंप के दौरान की गई। टीम ने शिकायत के सत्यापन के बाद जाल बिछाकर अवर अभियंता प्रदीप बाबू को पकड़ा। आरोप है कि वह नलकूप के बिजली कनेक्शन का इस्टीमेट तैयार करने के बदले रिश्वत मांग रहा था। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल के अनुसार, आरोपित के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### होर्डिंग में शंकराचार्य को बताया कांग्रेसाचार्य, एफआईआर

रायबरेली। शहर में लगाए गए कुछ होर्डिंग्स ने राजनीतिक और धार्मिक हलकों में विवाद खड़ा कर दिया है। होर्डिंग्स में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज को कांग्रेस से जोड़ते हुए 'कांग्रेसाचार्य' कहे जाने पर कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है और मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। बताया गया कि ये होर्डिंग्स विश्व हिंदू रक्षा परिषद से जुड़े एक पदाधिकारी की ओर से प्रमुख चौराहों पर लगवाई गई थीं। कांग्रेस नेताओं ने इसे धार्मिक पद की गरिमा के खिलाफ बताते हुए कार्रवाई की मांग की। बछरावां थाने में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गहरा गड्ढा खोदकर छोड़ने वाले बिल्डर प्रबंधन पर केस

नोएडा। रबूपुरा थाना क्षेत्र में निर्माण नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। एक बिल्डर द्वारा सार्वजनिक सड़क के समीप बेसमेंट के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में लंबे समय से पानी भरे रहने से प्रदूषण और दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। इस संबंध में पुलिस ने बिल्डर कंपनी के जीएम और प्रोजेक्ट हेड के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, गड्ढे के चारों ओर कोई सुरक्षा घेरा या चेतावनी संकेत नहीं लगाए गए थे। दूषित जल और दुर्गंध से स्थानीय लोगों और किसानों को परेशानी हो रही थी।

परियोजनाओं को रफ्तार देने की तैयारी, मंत्रियों के वित्तीय अधिकारों में होगा बड़ा विस्तार

# योगी सरकार के मंत्री हुए 'पावरफुल'

एजेंसी | लखनऊ

- 150 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को दे सकेंगे मंजूरी
- इससे ऊपर की परियोजनाओं के लिए CM की अनुमति जरूरी



उत्तर प्रदेश सरकार ने विकास योजनाओं की स्वीकृति प्रक्रिया को तेज और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में अहम पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों के वित्तीय अधिकार बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा है कि इससे निर्णय लेने में तेजी आएगी और योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक देरी समाप्त होगी। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार विभागीय मंत्री 50 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को स्वीकृति दे सकेंगे, जबकि 50 से 150 करोड़ रुपये तक की योजनाओं को वित्त मंत्री की मंजूरी मिलेगी। 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री स्तर पर स्वीकृति अनिवार्य होगी।

**अभी तक थी सिर्फ 10 करोड़ रुपये**

शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर वित्त विभाग की व्यापक समीक्षा करते हुए राज्य की वित्तीय स्थिति, बजट प्रबंधन और पूंजीगत व्यय की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अब तक विभागीय स्तर पर केवल 10 करोड़ रुपये तक की वित्तीय स्वीकृति का प्रावधान था, जिससे कई परियोजनाएं लंबित रह जाती थीं। अधिकारों के विस्तार से योजनाएं समय पर स्वीकृत होंगी और विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपनी वार्षिक कार्ययोजनाओं को 15 अप्रैल तक हर हाल में स्वीकृत कराएं। समय सीमा का पालन न करने वाले विभागों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी परियोजना की लागत में यदि 15 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होती है, तो संबंधित विभाग को कारण सहित पुन: अनुमोदन लेना होगा।

### कोषागार प्रणाली को बनाएं पेपरलेस

बैठक में वित्तीय अनुशासन पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को पारदर्शी, डिजिटल और परिणामोन्मुख वित्तीय प्रशासन का आदर्श राज्य बनाना सरकार का लक्ष्य है। इसके तहत राज्य में केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य गारंटी नीति लागू करने, कोषागार प्रणाली को पूरी तरह पेपरलेस बनाने और डिजिटल भुगतान व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए।

### समय से किया जाए मानदेय का भुगतान

मुख्यमंत्री ने अल्प-वेतनभोगी कर्मियों, विशेषकर आशा बहनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय का भुगतान हर माह तय समय पर उनके बैंक खातों में पहुंचाने के निर्देश दिए। जिन योजनाओं में केंद्रांश प्राप्त होता है, वहां राज्य सरकार अपने संसाधनों से भुगतान में देरी नहीं होने देगी। कहा, वित्तीय प्रबंधन में नई मिसाल कायम की है और अब लक्ष्य यह है कि योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ प्रदेश को देश का सबसे सक्षम और विश्वसनीय प्रशासनिक मॉडल बनाया जाए। समीक्षा बैठक में बताया गया कि हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश ने पूंजीगत व्यय और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रगति की है।

# वन विभाग की भूमि पर बनी मजार होगी जमींदोज

- संबंधित पक्ष को स्वामित्व से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करने को भेजी गई नोटिस
- साक्ष्य नहीं दिए जाने पर नियमानुसार की जाएगी ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



**इटावा।** इटावा जिले में वन विभाग ने अपनी जमीन पर बने एक धार्मिक ढांचे को अवैध बताते हुए ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू करने के संकेत दिए हैं। फिशर वन क्षेत्र में स्थित एक मजार को लेकर विभाग ने दावा किया है कि यह निर्माण सरकारी वन भूमि पर बिना अनुमति किया गया है। संबंधित पक्ष को भूमि के स्वामित्व से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया था, लेकिन तय समय सीमा तक कोई अभिलेख नहीं सौंपे गए। जिला वन अधिकारी विकास नायक के अनुसार, वन रेंज अधिकारी की ओर से मजार की देखरेख करने वाले व्यक्ति को पर्याप्त समय दिया गया था। दस्तावेज न मिलने की स्थिति में नियमानुसार कानूनी कार्रवाई और ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। विभाग का कहना है कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है। उधर, कार्रवाई की जानकारी सामने आने के बाद स्थानीय मुस्लिम समाज में असंतोष देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि यह मजार लंबे समय से आस्था का केंद्र रही है, जहां नियमित रूप से धार्मिक गतिविधियां होती रही हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है।

# नेपाल सीमा से बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार

## भारत–नेपाल सीमा पर एसएसबी की सक्रियता से कुल पांच को दबोचा गया

एजेंसी | सुपौल

भारत–नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल ने सुपौल जिले के कुनौली क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बांग्लादेशी महिला समेत पांच संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई गुरुवार देर शाम सीमा चौकी के पास नियमित जांच के दौरान की गई। एसएसबी के जवानों ने चेक पोस्ट के समीप कुछ लोगों को संदिग्ध गतिविधियों में घूमते और जांच से बचने की कोशिश करते हुए देखा। रोके जाने पर वे अपनी पहचान और यात्रा से जुड़े वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में सामने आया कि ये सभी नेपाल से भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे।

### बिना वीजा भारत में प्रवेश की कोशिश



प्रारंभिक जांच में महिला की पहचान बांग्लादेश की निवासी के रूप में हुई, जिसके पास भारत आने का कोई वैध वीजा नहीं था। अन्य पकड़े गए व्यक्तियों में उत्तर प्रदेश और नेपाल के निवासी शामिल हैं। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद एसएसबी ने सभी को आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए कुनौली थाना पुलिस को सौंप दिया है।

# देवानंद को 'सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ' सम्मान

## रेलकर्मी की तत्परता से टला रेल हादसा, इज्जतनगर मंडल में मिला सुरक्षा सम्मान

एजेंसी | बरेली

पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में एक कर्मचारी की समय पर की गई कार्रवाई ने संभावित रेल हादसे को टाल दिया। मंधना स्टेशन पर तैनात इलेक्ट्रिक सिगनल मेंटेनर देवानंद कुशवाहा को इसी सजगता के लिए 'सेफ्टी स्टार ऑफ द मंथ' सम्मान से नवाजा गया है। महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। जानकारी के अनुसार, 3 नवंबर 2025 को चैबेपुर यार्ड में सिगनल सिस्टम में तकनीकी गड़बड़ी की सूचना मिलने पर देवानंद कुशवाहा ने तत्काल ट्रैक सर्किट की जांच शुरू की। निरीक्षण के दौरान उन्हें रेल पटरी की वेल्डिंग में दरार दिखाई दी। उन्होंने बिना देर किए स्टेशन मास्टर को इसकी सूचना दी, जिसके बाद रेल पथ निरीक्षक मौके पर पहुंचे और तुरंत मरम्मत कार्य कराया गया। इस त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा रेल हादसा होने से बच गया।

### मंडल रेल प्रबंधक ने की सराहना

सम्मान समारोह में मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने उनके कार्य की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने कहा कि रेल सुरक्षा कर्मचारियों की सजगता पर ही निर्भर करती है और देवानंद कुशवाहा का यह कार्य पूरे विभाग के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है।

# तोप का गोला फटने से किशोर की मौत,गयाजी फायरिंग रेंज में हुआ विस्फोट, एक अन्य गंभीर

एजेंसी | गया जी

बाराचट्टी थाना क्षेत्र में स्थित सेना की फायरिंग रेंज में शुक्रवार को हुए हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। रेंज परिसर में पड़े विस्फोटक अवशेषों के अचानक फटने से 14 वर्षीय एक बालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान सेवई टोला जहाजवा गांव निवासी सौरभ कुमार के रूप में हुई है। हादसे में घायल दूसरे नाबालिग मुकेश कुमार को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना पूर्वाह्न के समय उस वक्त हुई, जब दोनों किशोर प्रतिबंधित फायरिंग रेंज क्षेत्र में पहुंचे थे। वहां पड़े सैन्य अभ्यास के पुराने विस्फोटक अवशेषों के संपर्क में आने से अचानक जोरदार धमाका हो गया। विस्फोट इतना तीव्र था कि सौरभ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।



### प्रतिबंधित क्षेत्र में चले गए थे दोनों किशोर

बाराचट्टी थाना प्रभारी अमरेंद्र किशोर ने बताया कि यह इलाका भारतीय सेना का अधिसूचित फायरिंग रेंज है, जहां आम लोगों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित है। हाल ही में यहां सैन्य अभ्यास हुआ था और ग्रामीणों को पहले ही सतर्क किया गया था। इसके बावजूद यह दर्दनाक घटना घट गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन पूरे मामले की पड़ताल कर रहा है और सुरक्षा मानकों व परिस्थितियों की गहन समीक्षा की जा रही है।

## व्यापार जगत

# विदेशी मुद्रा भंडार 709 अरब डॉलर के पार

## बना आल टाइम हाई का रिकार्ड, इसके पहले 2024 में भरी थी तिजोरी

एजेंसी | नई दिल्ली

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत की बाह्य आर्थिक स्थिति लगातार मजबूत होती जा रही है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में उल्लेखनीय बढ़त दर्ज करते हुए 709.41 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह अब तक का सर्वाधिक ऊंचा स्तर है, जो भारत की आर्थिक स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय लेनदेन की मजबूत क्षमता को दर्शाता है।



### गोल्ड भंडार भी 123.08 अरब डालर पार

समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार में भी उल्लेखनीय इजाफा हुआ। सोने के भंडार का मूल्य 5.63 अरब डॉलर बढ़कर 123.08 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार में सोने की कीमतों में तेजी और आरबीआई की रणनीतिक भंडारण नीति को इस बढ़ोतरी का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

### एसडीआर और आईएमएफ से अच्छी खबर

इसके अलावा, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 3.3 करोड़ डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे यह बढ़कर 18.73 अरब डॉलर हो गया। वहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित स्थिति भी 1.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.70 अरब डॉलर पर पहुंच गई। गौरतलब है कि इससे पहले सितंबर 2024 में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचा था, जिसे उस समय सर्वकालिक उच्चतम माना गया था।

### सप्ताह में 8.05 अरब डालर की वृद्धि

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में कुल 8.05 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई। इससे एक सप्ताह पहले भी भंडार में तेज उछाल देखने को मिला था, जब इसमें 14.16 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ कुल भंडार 701.36 अरब डॉलर तक पहुंच गया था।

### एफसीए में भी 2.36 अरब डालर का इजाफा

आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) इस अवधि में 2.36 अरब डॉलर बढ़कर 562.88 अरब डॉलर हो गईं। ये परिसंपत्तियां मुख्य रूप से डॉलर, यूरो, पाउंड और येन जैसी प्रमुख विदेशी मुद्राओं में निवेश को दर्शाती हैं और देश की भुगतान संतुलन स्थिति को सुदृढ़ बनाती हैं।

# स्पाइसजेट: 10 फरवरी से इंफाल के लिए मिलेगी फ्लाइट

- पूर्वोत्तर से जुड़ने का मिलेगा आसान रास्ता
- कोलकाता, गुवाहाटी के अलावा मुंबई से सुविधा

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट एयरलाइन मणिपुर की राजधानी इंफाल के लिए अपनी नई उड़ान सेवा 10 फरवरी से शुरू करने जा रही है। इसके तहत कोलकाता, गुवाहाटी और मुंबई से इंफाल के लिए बोइंग 737 विमान से दैनिक उड़ानें संचालित की जाएंगी। यह कदम पूर्वोत्तर भारत में हवाई संपर्क को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्पाइसजेट के मुख्य कारोबार अधिकारी देबोजो महर्षि ने शुक्रवार को कहा कि नई उड़ानें यात्रियों के लिए यात्रा को आसान और तेज बनाएंगी। कोलकाता और गुवाहाटी से इंफाल के लिए सीधी उड़ानें उपलब्ध होंगी।

### मुंबई से आने वालों को मिलेगा ठहराव

इसी तरह मुंबई से आने वाले यात्री कोलकाता में थोड़े समय के ठहराव के साथ सफर पूरा कर सकेंगे, जिससे उन्हें विमान बदलने की आवश्यकता नहीं होगी। महर्षि ने बताया कि इंफाल के लिए पहली उड़ान एयरलाइन के लिए एक मील का पत्थर है, क्योंकि इससे पूर्वोत्तर में स्पाइसजेट का नेटवर्क मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इस क्षेत्र में बेहतर हवाई संपर्क की आवश्यकता थी और नई उड़ानों से मणिपुर की यात्रा अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनेगी। यह कदम पूर्वोत्तर में पर्यटन, व्यापार और शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा और इंफाल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर तरीके से जोड़ने में सहायक होगा।




# मारुति सुजुकी ने पांच स्टार्टअप के साथ की साझेदारी

## तकनीकी नवाचार और व्यवसाय संचालन को तेज करने की दिशा में बढ़ाया कदम

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपने व्यवसाय संचालन और तकनीकी नवाचार को मजबूत करने के लिए पांच स्टार्टअप को सहयोगी के रूप में जोड़ा है। कंपनी का यह कदम उभरते तकनीकी समाधानों को अपनाने और तेजी से बदलते ऑटो उद्योग में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मारुति सुजुकी ने जिन पांच स्टार्टअप को अपने इनक्यूबेशन प्रोग्राम के तहत




चुना है, उनमें ऑगुरएआई, आत्राल, जेन मोबिलिटी, इंडस विजन और प्रॉक्सी शामिल हैं। ये सभी स्टार्टअप कंपनी के एमएसआईपी (मारुति सुजुकी इनक्यूबेशन प्रोग्राम) के चौथे बैच के तहत चयनित हुए हैं। इस प्रोग्राम का संचालन आईआईएम बेंगलुरु के उद्यमिता और स्टार्टअप सहायता केंद्र तथा नादथुर एस. राघवन सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरियल लर्निंग के सहयोग से किया जाता है। मारुति सुजुकी इंडिया के एमडी और सीईओ हिसाशी ताकेउची ने कहा कि उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताएं, विस्तारित उत्पाद पोर्टफोलियो, 100 से अधिक निर्यात बाजारों में नियमों की विविधता और स्थिरता पर बढ़ता ध्यान परिचालन को जटिल बना रहे हैं। ऐसे में तकनीकी नवाचार किसी सहारे से कम नहीं, बल्कि अब यह रणनीतिक आवश्यकता बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी के दीर्घकालिक और तेजी से विकास के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी व्यावसायिक प्रक्रियाओं में उन्नत तकनीकों का समावेश बेहद जरूरी है। मारुति सुजुकी का यह कदम न केवल घरेलू बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति को मजबूत करेगा और ऑटो उद्योग में नवाचार की दिशा में नई पहल की मिसाल बनेगा।

# वैश्विक ऊर्जा मंच पर मजबूत हुआ भारत: हरदीप पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में अपनी स्थिति को और अधिक सुदृढ़ कर लिया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भले ही दुनिया में भू-राजनीतिक अस्थिरता बढ़ रही हो, भारत ग्लोबल एनर्जी संवाद में केंद्रित और सक्रिय बना हुआ है।

### किफायती ऊर्जा भविष्य की आवश्यकता




पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार इंडिया एनर्जी वीक देश का प्रमुख वैश्विक ऊर्जा मंच है। यह सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और नवप्रवर्तकों को एक साथ लाकर टिकाऊ, सुरक्षित और किफायती ऊर्जा भविष्य की दिशा में सहयोग बढ़ाता है। आईईडब्ल्यू निवेश, नीतिगत तालमेल और तकनीकी सहयोग को प्रोत्साहित करता है, जिससे वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के स्वरूप को आकार देने में मदद मिलती है। पुरी ने यह भी रेखांकित किया कि भारत की सक्रिय भागीदारी और वैश्विक ऊर्जा रणनीतियों में योगदान देश की ऊर्जा सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय भूमिका को मजबूत करने का संकेत है।

### भू-राजनीतिक बदलावों से निपटने के लिए तैयार

इंडिया एनर्जी वीक (IEW) के समापन समारोह में पुरी ने कहा कि भारत लगातार ऊर्जा बाजार में उत्पन्न भू-राजनीतिक बदलावों से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि आज भारत ऊर्जा के वैश्विक परिदृश्य में तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता, चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर और पेट्रोलियम उत्पादों के शीर्ष निर्यातकों में शामिल है। उनका कहना था कि ग्लोबल अनिश्चितताओं के बीच भी भारत ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता, किफायती दाम और सततता सुनिश्चित करने में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

# जीत से अभियान खत्म करना चाहेगी भारतीय टीम



## पांचवां टी-20

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

भारतीय टीम शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी-20 मैच में जीत के साथ अपने अभियान का शानदार अंत करना चाहती है। भारतीय टीम पहले ही सीरीज में 1-3 की अजेय बढ़त बना चुकी है, लेकिन पिछले मैच में मिली हार ने टीम को सतर्क कर दिया है। विश्व कप से ठीक पहले यह टीम इंडिया का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला है, इसलिए जीत के साथ लय बरकरार रखना बेहद जरूरी है।

### संजू सैमसन पर टिकी निगाहें

इस मैच में सबसे ज्यादा चर्चा स्थानीय खिलाड़ी संजू सैमसन की हो रही है। तिरुवनंतपुरम संजू का घरेलू मैदान है, जहाँ वह अपने दर्शकों के सामने एक बड़ी पारी खेलने के लिए जी-जान लगा देंगे। अपनी निर्भीक बल्लेबाजी के लिए मशहूर होने के बावजूद, संजू इस सीरीज में अब तक कोई विशेष कमाल नहीं दिखा पाए हैं। उनके लिए यह अपनी जगह सुरक्षित रखने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### फॉर्म और तकनीकी चुनौतियां

संजू सैमसन के लिए फिलहाल सबसे बड़ी चिंता उनकी तकनीकी कमजोरी और डगमगाता आत्मविश्वास है। हालांकि, केरल में उनकी लोकप्रियता का आलम यह है कि कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी हवाई अड्डे पर प्रशंसकों की भीड़ के बीच संजू (चेट्टा) के लिए रास्ता साफ करते देखा गया। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि अपने घरेलू समर्थकों के बीच संजू अपनी खोई हुई लय वापस पा लेंगे।

### गेंदबाजों की फिटनेस और वापसी

ऑलराउंडर अक्षर पटेल चोट से उबरने के बाद अपनी फिटनेस साबित करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने पिछले मैच से पहले नेट पर गेंदबाजी का अभ्यास भी किया था। साथ ही, पिछले दो मैचों में आराम करने वाले मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की अंतिम एकादश में वापसी हो सकती है। टीम प्रबंधन गेंदबाजी आक्रमण में फिर से फेरबदल कर प्रयोग कर सकता है। पिछले मैच में भारतीय बल्लेबाजी क्रम बुरी तरह लड़खड़ा गया था, जो चिंता का विषय है।

### आमने-सामने

| | |
|---|---|
| कुल मैच | : 29 |
| भारत जीता | : 17 |
| न्यूजीलैंड जीता | : 11 |
| टाई | : 1 |

### सूर्य तीन हजारी बनने 33 रन दूर

कप्तान सूर्यकुमार तीन हजार रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बनने से 33 रन दूर हैं। वह 103 मैचों में 164.74 की स्ट्राइक रेट और चार शतकों से 2967 रन बना चुके हैं। अभी तक रोहित शर्मा (4231) और कोहली (4188) ही यह उपलब्धि हासिल कर पाए हैं।

### नंबर गेम

**4** मैच भारत ने ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेले हैं जिसमें से तीन जीते और एक हारा है

**9** साल बाद दोनों टीमें यहां खेलेंगी। भारत ने 2017 में न्यूजीलैंड को छह रन से हराया था

# डिकॉक के तूफानी शतक से दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज जीती

- डिकॉक ने सौवें मैच में शतक जड़ा, बनाए 115 रन
- रिकेल्टन के साथ 162 रनों की साझेदारी ने तय किया मुकाबला



**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज पर 2 विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए सीरीज अपने नाम कर ली है। इस जीत के साथ ही प्रोटियाज टीम ने टी-20 क्रिकेट में अपनी धाक एक बार फिर जमा दी है। 222 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने जो जज्बा दिखाया, वह काबिल-ए-तारीफ रहा। इस मैच के असली हीरो सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक रहे, जिन्होंने मात्र 43 गेंदों में अपना शतक पूरा कर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डिकॉक ने कुल 49 गेंदों में 115 रनों की विध्वंसक पारी खेली, जिसमें 10 छक्के और 6 चौके शामिल थे। उन्होंने अपनी फिफ्टी महज 21 गेंदों में पूरी की और अगली 22 गेंदों में उसे शतक में तब्दील कर दिया।

### वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी और महाराज का प्रहार

इससे पहले वेस्टइंडीज ने ब्रैंडन किंग और शिमरॉन हेटमायर की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर 10 ओवर में ही 115 रन बना लिए थे। अंत में शेरफेन रदरफोर्ड ने 24 गेंदों में 57 रन जोड़कर स्कोर को 221 तक पहुँचाया।

### डिकॉक ने रचा नया कीर्तिमान

अपनी इस शानदार पारी के दौरान क्विंटन डिकॉक ने टी-20 करियर में 12,000 रन पूरे करने का मील का पत्थर हासिल किया। इसी के साथ उन्होंने फाफ डु प्लेसिस को पीछे छोड़ दिया और दक्षिण अफ्रीका के लिए टी-20 प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। उनकी यह उपलब्धि उनकी निरंतरता और आक्रामक बल्लेबाजी का प्रमाण है।

## न्यूज ब्रीफ

### घुड़दौड़ : जेड के लिए अवसर

**मुंबई।** शनिवार को महालक्ष्मी रेसकोर्स पर आयोजित सात दौड़ों के कार्यक्रम के साथ विल्लू सी पूनावाला इंडियन डर्बी सप्ताहंत की शुरुआत हो रही है। दिन की मुख्य दौड़ डा. एस सी जैन स्प्रिन्टर्स चैंपियनशिप में फर्राटा दौड़ों के विशेषज्ञ नौ घोड़े हिस्सा ले रहे हैं। विजेता का चयन एक मुश्किल काम है, लेकिन पेसी श्रॉफ प्रशिक्षित जेड की स्थिति बेहतर है और उसके जीत की संभावना है। कुल सात दौड़ों का कार्यक्रम रखा गया है। पहली दौड़ 2.30 बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः 1- एकला चोलो (प्र.), अनान्या (द्वि.), 2- मैटिस (प्र.), बुगाती (द्वि.), 3- स्पेक्ट्रॉ (प्र.), गनफॉयर (द्वि.), 4- एकतारिणा (प्र.), डियागो गार्सिया (द्वि.), 5- जेड (प्र.), टाईम एंड टाईड (द्वि.), 6- एलगोनक्वीन (प्र.), एजेलिया (द्वि.), 7- मुलान (प्र.), हैवेन्स रिदम (द्वि.), दिन का सर्वोत्तम- स्पेक्ट्रॉ।

### मध्य और पश्चिम रेलवे चैंपियन




**मुंबई।** परेल स्थित लाल मैदान पर संपन्न हुए 62वें मुंबई कमर्शियल खो-खो चैंपियनशिप में पुरुष एवंम महिला वर्ग क्रमशः मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे की टीमों ने पहला स्थान हासिल किया। पुरुषों के फाइनल में मध्य रेलवे ने पश्चिम रेलवे को 13-12 से हराया, जबकि महिलाओं का फाइनल पश्चिम रेलवे और रचना नोटरी वर्क्स के बीच खेला गया, जिसमें पश्चिम रेलवे की टीम 6-4 से बाजी मारने में सफल रही।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल

# सबालेंका और रयबाकिना के बीच टक्कर

**मेलबर्न।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका शनिवार को यहां जब ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में एलिना रयबाकिना का सामना करने के लिए कोर्ट पर उतरेगी तो वह 2023 की अपनी सफलता के बजाय पिछले साल विभिन्न प्रतियोगिताओं के फाइनल में मिली हार के सबक से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी।

यह उन तीन अन्य ग्रैंड स्लैम फाइनल जैसा भी नहीं होगा जो सबालेंका ने जीते हैं, जिनमें यूएस ओपन में हाल ही में जीता गया फाइनल भी शामिल है। सबालेंका 2025 में पांच टूर्नामेंट के फाइनल में हार गई थी और वह उनसे मिली सीख को अपना मजबूत पक्ष बनाना चाहती है। सबालेंका ने कहा, 'मैं जानती हूं कि उन सभी फाइनल मैच में क्या गलती हुई थी जिनमें मैं हारी। पिछले साल मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला, खुद के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला और इस सत्र में ऐसा दोबारा नहीं होगा।'





# बॉ ली वु ड




## 'मर्दानी 3' : रिव्यू

# मानव तस्करों से खूब लड़ी मर्दानी...

@मेघा पटैरिया

**रानी मुखर्जी की लोकप्रिय फ्रैंचाइज़ी 'मर्दानी' एक बार फिर बड़े पर्दे पर लौट आई है। 'मर्दानी 3' इस बार भी अपने तेवर नहीं बदलती और बच्चियों की सुरक्षा, मानव तस्करी और संगठित अपराध जैसे बेहद संवेदनशील और जरूरी मुद्दों को केंद्र में रखती है। अभिराज मीनावाला के निर्देशन में बनी यह फिल्म पहले दो भागों की तरह गंभीर माहौल, मजबूत कंटेंट और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ती है।**




रेटिंग
★★★½

**निर्देशक** :अभिराज मीनावाला

**कलाकारः** रानी मुखर्जी, मल्लिका प्रसाद, जानकी बोडीवाला, मल्लिका प्रसाद, प्रजेश कश्यप

### कहानी

फिल्म की कहानी ACP शिवानी रॉय (रानी मुखर्जी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो इस बार NIA के साथ मिलकर एक बड़े केस की जांच कर रही हैं। मामला तब तूल पकड़ लेता है, जब एक हाई-प्रोफाइल अधिकारी की बेटी और उसी घर में काम करने वाली नौकरानी की बेटी अचानक लापता हो जाती है। शुरुआती जांच एक सामान्य अपहरण जैसी लगती है, लेकिन धीरे-धीरे परतें खुलती हैं। जांच के दौरान सामने आता है कि देश के अलग-अलग हिस्सों से 8 से 12 साल की कुल 93 बच्चियां गायब हैं। शिवानी को शक होता है कि इसके पीछे कोई साधारण अपराध नहीं, बल्कि एक संगठित मानव तस्करी नेटवर्क काम कर रहा है। जल्द ही इस खौफनाक गिरोह की सरगना के रूप में सामने आती है एक रहस्यमयी महिला के रूप में 'अम्मा'। कहानी आगे बढ़ती है, नेटवर्क की परतें खुलती हैं और शिवानी अपनी टीम के साथ बच्चियों को बचाने की एक मुश्किल और भावनात्मक जंग में उतर जाती है।

### अभिनय

यह फिल्म पूरी तरह रानी मुखर्जी के कंधों पर टिकी है और वह इस जिम्मेदारी को पूरी मजबूती से निभाती हैं। गुस्सा, थकान, संवेदनशीलता और अटूट जज़्बाहर भाव को उन्होंने बिना ओवरएक्टिंग के बेहद संतुलित ढंग से पेश किया है। शिवानी रॉय के किरदार में उनका आत्मविश्वास और अनुभव साफ झलकता है। मल्लिका प्रसाद ने 'अम्मा' के किरदार में जान डाल दी है। उनका शांत लेकिन डरावना अंदाज़ फिल्म की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरता है। जानकी बोड़ीवाला शिवानी की टीम के अहम सदस्य के रूप में सहज और प्रभावी लगी हैं। प्रजेश कश्यप सहित अन्य सहायक कलाकार भी अपने-अपने किरदारों में सटीक नजर आते हैं और कहानी को मजबूती देते हैं।

### निर्देशन

अभिराज मीनावाला का निर्देशन पूरी तरह कंट्रोल में और संतुलित है। उन्होंने कहानी को बेवजह भटकने नहीं दिया और फिल्म की गति को कसकर थामे रखा है। खासकर फिल्म का पहला हाफ बेहद मजबूत है, जहां तनाव लगातार बना रहता है और दर्शक स्क्रीन से नजरें हटाने का मौका नहीं पाता। मीनावाला ने गंभीर विषय को बिना जरूरत के मेलोड्रामा में बदलने से बचाया है, जो फिल्म की सबसे बड़ी खूबी है। बैकग्राउंड स्कोर कहानी के तनाव को और गहराता है। कैमरा वर्क यथार्थ के करीब है और एडिटिंग चुस्त है। एक्शन सीन सीमित हैं, लेकिन प्रभावशाली हैं, जिससे फिल्म ज्यादा वास्तविक लगती है। फिल्म की कहानी का ढांचा पहले की 'मर्दानी' फिल्मों से मिलता-जुलता महसूस होता है, जिससे कुछ मोड़ पहले से अनुमान लगाए जा सकते हैं। कुछ भावनात्मक दृश्यों को अगर और गहराई दी जाती, तो फिल्म का असर और मजबूत हो सकता था। अगर आप रानी मुखर्जी का दमदार अभिनय, गंभीर क्राइम ड्रामा और सामाजिक मुद्दों पर आधारित फिल्में पसंद करते हैं, तो 'मर्दानी 3' जरूर देखनी चाहिए। यह फिल्म सिर्फ मनोरंजन नहीं करती, बल्कि समाज के सामने एक जरूरी और असहज सवाल भी खड़ा करती है और यही इसकी सबसे बड़ी जीत है।

# रानी मुखर्जी ने एआर रहमान की बातों पर तोड़ी चुप्पी



दिग्गज अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने संगीत सम्राट एआर रहमान के एक विवादित बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें रहमान ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को सांप्रदायिकता बढ़ने वाला मंच बताया था। रानी ने इस दावे को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए कहा कि अपने 30 वर्ष के फिल्मी करियर में उन्होंने कभी भी धर्म या जाति के आधार पर किसी तरह का भेदभाव नहीं देखा। उनका कहना है कि बॉलीवुड एक सबसे धर्मनिरपेक्ष और प्रतिभा-आधारित इंडस्ट्री है। रहमान के बयान के बाद कई हस्तियों ने अपनी प्रतिक्रियाए दी थीं, जिनमें कुछ ने उनके विचारों पर सवाल उठाए थे। इसी कड़ी में रानी मुखर्जी ने एक हालिया इंटरव्यू में कहा, ₹बॉलीवुड सबसे धर्मनिरपेक्ष जगह है और इस बात पर मुझे पूरा यकीन है। यहां जाति या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता। इंडस्ट्री में अपने 30 साल के करियर में मैंने ऐसा कभी कुछ अनुभव नहीं किया।₹ उन्होंने आगे यह भी कहा कि बॉलीवुड ने उन्हें वही बनाया है जो वह आज हैं, और वे इसे दिल से मानती हैं।

### बयान पर बहस जारी

एआर रहमान ने इससे पहले यह संकेत दिया था कि इंडस्ट्री में सांप्रदायिकता के कारण कुछ मुस्लिम कलाकारों को काम मिलना कठिन हो रहा है, और इसी को लेकर उन्होंने अपने अनुभव शेयर किए थे। इस मुद्दे पर कई हस्तियों ने अपनी-अपनी प्रतिक्रियाए दी थीं और अब रानी मुखर्जी का कड़ा बयान इस बहस में एक और मुखर आवाज़ जोड़ता है। रानी का यह रुख उन लोगों का समर्थन करता है जो मानते हैं कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अभिव्यक्ति और प्रतिभा को सर्वोपरि दर्जा मिलता है और कलाकारों को उनके धर्म या पृष्ठभूमि के बजाय उनके कौशल के आधार पर स्वीकार किया जाता है।

### काम, परिवार और दर्शकों का प्यार

रानी मुखर्जी ने कहा कि हुनर ही यहां मायने रखता है, और काम के ज़रिए ही पहचान बनती है। उनके मुताबिक, जिस कलाकार से दर्शक जुड़ाव महसूस करते हैं, वही टिकता और सफल होता है। जब उनसे फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय गुटबाज़ी और बाहरी दबावों के बारे में पूछा गया, तो रानी ने कहा, ₹मेरा पूरा ध्यान केवल मेरी फिल्मों पर है। जीवन के इस पड़ाव पर मेरी प्राथमिकता मेरा बच्चा और मेरा परिवार है।



# 'वध-2' से पहले संजय मिश्रा और नीना गुप्ता ने दिखाया नया लुक

इस हफ्ते 'वध-2' का ट्रेलर रिलीज होने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही इस फिल्म के प्रचार को अब संजय मिश्रा और नीना गुप्ता के रेट्रो-ग्लैम फोटोशूट ने नई ऊंचाई दे दी है। अपने सादगी भरे स्क्रीन इमेज से अलग दोनों कलाकार इस बार बिंदास स्वैग और स्टाइलिश अंदाज़ में नजर आए, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। इन विजुअल्स के जरिए फिल्म की उस दुनिया की झलक मिलती है, जहां बाहरी रौनक के पीछे गहरे रहस्य छिपे हैं। कलाकारों ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, ₹दमदार लुक्स दिखा रहे हैं, खतरनाक राज़ छुपा रहे हैं।₹ इससे पहले ट्रेलर को भी इंडस्ट्री से जबरदस्त सराहना मिली है, जहां इसकी ग्रिपिंग टोन, दमदार अभिनय और सस्पेंस से भरी कहानी की तारीफ हो रही है।

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



### गुरुवार को 'मन' मिले और शुक्रवार को राहुल की तारीफ में थरूर के कसीदे

# शशि थरूर का पॉलिटिकल यू-टर्न



- राहुल गांधी सांप्रदायिकता के खिलाफ सशक्त आवाज : थरूर
- शशि थरूर, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के बीच हुई दो घंटे की बैठक
- थरूर ने राहुल गांधी की ईमानदारी और देश में सांप्रदायिकता के खिलाफ उनकी सशक्त आवाज की प्रशंसा की

**एजेंसी | नई दिल्ली**

कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति में पिछले कुछ समय से जिस 'बर्फ' के जमने की खबरें थीं, वह बीते गुरुवार को पिघलती हुई नजर आईं। दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में उस वक्त हलचल तेज हो गई जब सांसद शशि थरूर, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ एक मेज पर बैठे। दो घंटे तक चली इस मैराथन बैठक ने न केवल पार्टी के भीतर 'ऑल इज वेल' का संदेश दिया, बल्कि उन अटकलों पर भी विराम लगा दिया जो लंबे समय से थरूर और आलाकमान के बीच दूरियों की कहानी बुन रही थीं। थरूर के बदले हुए सुर और उनकी तारीफ वाले बयानों से यह स्पष्ट संदेश मिल रहा है कि कांग्रेस के भीतर लंबे समय से चल रही खींचतान अब खत्म हो चुकी है। शुक्रवार को पार्टी के नेता राहुल गांधी की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक ईमानदार व्यक्ति बताया, जो देश में सांप्रदायिकता जैसे विभिन्न मुद्दों पर ''सशक्त आवाज'' हैं।

### पार्टी छोड़ने की अटकलों को किया खारिज

राजनीतिक गलियारों में शशि थरूर के कांग्रेस छोड़ने की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। इन अफवाहों पर विराम लगाते हुए थरूर ने दो टूक कहा, ₹मैं कांग्रेस में ही रहूंगा और कहीं नहीं जा रहा हूं।₹ उन्होंने कहा कि वह केरल में आगामी विधानसभा चुनावों के दौरान न केवल पार्टी में बने रहेंगे, बल्कि संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (UDF) की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत से प्रचार भी करेंगे।

### मतभेदों पर विराम और एकजुटता का संदेश

शशि थरूर की यह टिप्पणी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से हुई महत्वपूर्ण मुलाकात के एक दिन बाद आई है। पिछले कुछ समय से केरल कांग्रेस के भीतर थरूर को दरकिनार किए जाने की खबरें आ रही थीं, जिससे वह नाराज बताए जा रहे थे। हालांकि, इस मुलाकात के बाद थरूर ने स्पष्ट किया कि अब सब ठीक है और पार्टी पूरी तरह एकजुट होकर' हम साथ-साथ हैं के मंत्र पर काम कर रही है।

### केरल विधानसभा चुनाव में मुख्य भूमिका


केरल में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन ने भी थरूर के महत्व को स्वीकार करते हुए कहा कि वह चुनाव अभियान में अग्रिम पंक्ति के नेता होंगे। पार्टी ने एक रणनीतिक योजना बनाई है जिसके तहत थरूर को केरल की सभी 140 विधानसभा सीटों पर ले जाया जाएगा। यह स्पष्ट है कि कांग्रेस थरूर की लोकप्रियता और उनकी बौद्धिक छवि का उपयोग मतदाताओं को लुभाने के लिए बड़े पैमाने पर करने वाली है।

### भाजपा समर्थक होने के आरोपों पर सफाई

मीडिया और कुछ राजनीतिक हलकों में अक्सर थरूर के कुछ बयानों को भाजपा के समर्थन के रूप में देखा जाता है। इस पर सफाई देते हुए थरूर ने कहा कि वह किसी पार्टी का नहीं, बल्कि केवल सरकार या भारत के रुख का समर्थन करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय मामलों पर वह दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देश के हित में बात करना पसंद करते हैं, जिसे अक्सर गलत तरीके से पेश किया जाता है।

### पुराने विवादों और पार्टी के रुख पर स्पष्टीकरण

अतीत में भारत-पाकिस्तान संघर्ष और राजनयिक पहलों पर थरूर की टिप्पणियों से विवाद खड़ा हो गया था, जो कांग्रेस के आधिकारिक स्टैंड से अलग थीं। इस कारण पार्टी के कई नेताओं ने उनकी मंशा पर सवाल उठाए थे। थरूर ने इन पुरानी बातों को पीछे छोड़ते हुए साफ किया कि देश के बाहर वह एक भारतीय के रूप में बोलते हैं, न कि केवल एक विपक्षी नेता के रूप में।



### एक फोटो के लिए छह साल का इंतजार

**एडिनबर्ग।** स्कॉटलैंड के फोटोग्राफर एलन मैकफैडियन ने एक किंगफिशर पक्षी के पानी में गोता लगाने की एक फोटो खींचने के लिए छह साल तक संघर्ष किया। इस एक शॉट के लिए उन्होंने करीब 4,200 घंटे बिताए और 7,20,000 बार कैमरे का बटन दबाया। वह एक ऐसी तस्वीर चाहते थे, जिसमें पक्षी पानी में सीधा गोता लगाए और पानी की एक बूंद भी न उछले। आखिरकार, उनकी लगन रंग लाई और उन्हें वह दुर्लभ पल मिल गया। यह कहानी हमें सिखाती है कि सफलता के लिए धैर्य जरूरी है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बापू की सोच कभी नहीं मिट सकती, यह भारत की आत्मा में अमर : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर नमन किया। उन्होंने कहा है कि बापू एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सोच हैं जो कभी मिट नहीं सकती क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं। कभी अंग्रेजी साम्राज्य और कभी नफरत की विचारधारा ने इसे मिटाने की नाकाम कोशिश की है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि एक साम्राज्य, नफरत की विचारधारा और कभी अहंकारी सोच ने उन्हें मिटाने का प्रयास किया, पर नाकाम रहे। राष्ट्रपिता ने हमें आज़ादी के साथ यह मूल मंत्र दिया कि सत्ता की ताकत से बड़ी सत्य की शक्ति होती है।

### सबरीमाला सोना गबन मामले में अभिनेता जयराम से पूछताछ

**तिरुअनंतपुरम।** सबरीमाला मंदिर से सोना गबन मामले में विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने प्रख्यात अभिनेता जयराम से पूछताछ की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एसआईटी टीम हाल में जयराम के चेन्नई स्थित घर पहुंची। इस दौरान टीम ने उनसे पूछा कि उन्होंने इस मामले में मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी के साथ कितनी बार पूजा में भाग लिया था। इसके अलावा यह भी पूछा गया कि क्या उनके बीच कोई वित्तीय लेनदेन हुआ था। अभिनेता से यह पूछताछ उन वीडियो के सामने आने के बाद की गई, जिनमें वह 2019 में चेन्नई में पोट्टी द्वारा आयोजित एक पूजा में दिखे थे। इस पूजा में मंदिर से सोने की परत चढ़ाने के लिए लाई गई मूर्तियों का इस्तेमाल किया गया था।

### अंतरिक्ष में मिला पृथ्वी जैसा ग्रह, पर तापमान -70 डिग्री

**सिडनी।** वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से 146 प्रकाश-वर्ष दूर एक नए ग्रह की खोज की है, जो आकार में लगभग पृथ्वी जैसा ही है। अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों की टीम ने नासा के 'केपलर' डाटा की मदद से इसे ढूंढा है। यह ग्रह अपने सूर्य जैसे तारे की परिक्रमा 355 दिनों में पूरी करता है। यह ग्रह अपने तारे के उस क्षेत्र में है, जहां जीवन की संभावना हो सकती है। हालांकि, अपने तारे से कम रोशनी मिलने के कारण यहां का तापमान -70 डिग्री सेल्सियस तक हो सकता है, जिससे यह मंगल ग्रह जैसा ठंडा या एक बर्फीली दुनिया जैसा दिखता है।

## आरजी कर दुष्कर्म पीड़िता का परिवार सीबीआई जांच से नाखुश

**एजेंसी | नार्थ 24 परगना**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज दुष्कर्म और हत्या मामले में पीड़िता के पिता ने सीबीआई जांच और अदालती ट्रायल पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि वह इस मामले को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलना चाहते हैं और अपनी चिंताओं से उन्हें अवगत कराना चाहते हैं। पीड़िता के पिता ने पश्चिम बंगाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शामिक भट्टाचार्य के सामने भी अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। मीडिया से बातचीत में पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि कोर्ट की सुनवाई में प्रक्रियागत खामियां थीं और पारदर्शिता का अभाव रहा। उनका कहना है कि अब तक केवल एक व्यक्ति को दोषी ठहराया गया है, जबकि मामले की सुनवाई बंद कमरे में की गई और परिवार को कोर्टरूम में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गवाहों के बयान आपस में विरोधाभासी थे और यदि उन्हें कोर्ट में मौजूद रहने दिया जाता, तो वे तथ्यों को बेहतर तरीके से सामने रख सकते थे।



### परिवार का रुख: चुनाव नहीं, सिर्फ न्याय

पीड़िता की मां ने कहा कि उन्हें भाजपा और तृणमूल कांग्रेस, दोनों दलों की ओर से विधानसभा चुनाव लड़ने के प्रस्ताव मिले हैं, लेकिन उनका राजनीति में जाने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने साफ कहा कि परिवार को सिर्फ न्याय चाहिए। उल्लेखनीय है कि 9 अगस्त 2024 को आरजी कर मेडिकल कॉलेज परिसर में पीजी द्वितीय वर्ष की छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी।

**काम की खबर**

## गूगल जेमिनी पर अब मुफ्त में दें 'जेईई' मेन मॉक टेस्ट

**एजेंसी | वॉशिंगटन**

इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए गूगल ने एक शानदार सुविधा शुरू की है। अब गूगल का एआई असिस्टेंट जेमिनी छात्रों को जेईई मेन परीक्षा के लिए मुफ्त में प्रैक्टिस टेस्ट की सुविधा देगा। छात्रों को बस जेमिनी से कहना होगा, 'मैं जेईई मेन मॉक टेस्ट देना चाहता हूं' और टेस्ट शुरू हो जाएगा। टेस्ट खत्म होने के बाद न केवल तुरंत रिजल्ट पता चलेगा, बल्कि यह भी समझाया जाएगा कि छात्र की ताकत क्या है और उसे किन विषयों में सुधार की जरूरत है। अगर सवाल समझ नहीं आता, तो छात्र उसे समझाने के लिए भी कह सकते हैं। गूगल का मकसद देश के हर कोने में बैठे छात्र तक उच्च गुणवत्ता वाली पढ़ाई की सामग्री पहुंचाना है।




## तमिलनाडु में डीएमके और कांग्रेस का गठबंधन लगभग तय

- डीएमके कांग्रेस को 25 से अधिक सीट व एक राज्यसभा दे सकती है

**एजेंसी | नई दिल्ली**

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले डीएमके (DMK) और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे और सत्ता में भागीदारी को लेकर चल रही खींचतान अब कम होती दिख रही है। दोनों दलों ने सार्वजनिक रूप से किसी भी बड़े मतभेद से इनकार किया है। गठबंधन को मजबूती देने के उद्देश्य से दोनों पार्टियों ने स्पष्ट किया है कि आगामी चुनावों के लिए सीटों के तालमेल पर औपचारिक चर्चा जल्द ही शुरू की जाएगी।



### राहुल गांधी और कनिमोई की मुलाकात

गठबंधन की राह में जमी बर्फ तब पिघलती दिखी जब डीएमके नेता कनिमोई ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। इस उच्च स्तरीय बैठक और अन्य नेताओं के साथ हुई चर्चा के बाद दोनों दलों के बीच साथ चुनाव लड़ने पर सहमति बन गई है। इस मुलाकात को गठबंधन की अनबन सुलझाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, डीएमके कांग्रेस को खुश करने के लिए सीटों की संख्या बढ़ा सकती है। कयास लगाए जा रहे हैं कि डीएमके कांग्रेस को 25 से अधिक विधानसभा सीटें, एक राज्यसभा सीट और पुडुचेरी में मुख्यमंत्री का पद देने का प्रस्ताव रख सकती है।

## सरकार ने विंगो ऐप को किया ब्लॉक




**एजेंसी | नई दिल्ली**

सरकार ने साइबर अपराध में कथित संलिप्तता के आरोपों के बाद विंगो ऐप को ब्लॉक कर दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि यह ऐप उपयोगकर्ताओं के मोबाइल फोन के जरिये फर्जी एसएमएस भेजने और बड़े पैमाने पर साइबर धोखाधड़ी में इस्तेमाल किया जा रहा था। यह कार्रवाई केंद्रीय गृह मंत्रालय और उसकी साइबर अपराध निरोधक एजेंसी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) द्वारा की गई।

### यूजर्स बन रहे थे अनजाने में फ्रॉड नेटवर्क का हिस्सा

एंड्रॉयड आधारित इस ऐप के खिलाफ बड़ी संख्या में शिकायतें मिली थीं। जांच में सामने आया कि ऐप के उपयोगकर्ता अनजाने में साइबर अपराधियों द्वारा संचालित एसएमएस फ्रॉड नेटवर्क का हिस्सा बन रहे थे। शिकायतों के बाद सरकार ने ऐप के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को जियो-ब्लॉक कर दिया।

## मनरेगा के बाद अब आरटीआई को खत्म करेगी सरकार: खरगे

**एजेंसी | नई दिल्ली**

कांग्रेस ने हाल ही में आर्थिक सर्वेक्षण में सूचना के अधिकार (RTI) कानून की समीक्षा करने के सुझाव को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी का आरोप है कि सरकार अब आरटीआई को पूरी तरह खत्म करने की तैयारी में है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सवाल उठाया कि क्या मनरेगा के बाद अब आरटीआई की बारी है, क्योंकि सर्वेक्षण में जानकारी रोकने के लिए 'मंत्रिस्तरीय वीटो' जैसे सुझाव दिए गए हैं।

### नौकरशाहों की जवाबदेही का मुद्दा



खरगे ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए चिंता जताई कि सरकार नौकरशाहों के पब्लिक सर्विस रिकॉर्ड, ट्रांसफर और स्टाफ रिपोर्ट को जनता की जांच से बचाने के रास्ते तलाश रही है। उनके अनुसार, यदि यह सुझाव लागू होते हैं, तो प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही खत्म हो जाएगी और जनता के पास सरकारी कामकाज की पारदर्शिता को परखने का कोई साधन नहीं बचेगा। कांग्रेस के अनुसार, केंद्र सरकार ने आरटीआई को व्यवस्थित ढंग से पहले ही कमजोर कर दिया है। खरगे ने कहा कि वर्ष 2019 में आरटीआई एक्ट में किए गए संशोधनों ने सूचना आयुक्तों के कार्यकाल और वेतन को सरकार के नियंत्रण में ला दिया। इससे स्वतंत्र निगरानी करने वाले संस्थान अब केवल सरकार के 'आज्ञाकारी अधिकारियों' के रूप में काम करने को मजबूर हैं।

## 64 लाख घुसपैठियों से बदली असम की डेमोग्राफी : शाह

**एजेंसी | धेमाजी**

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दावा किया कि कांग्रेस शासन के दौरान असम की जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) में बड़ा बदलाव आया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार इस प्रवृत्ति को पलटने के लिए ठोस कदम उठा रही है। धेमाजी जिले के करेंग चापोरी में टकम मिसिंग पोरिन केबांग (ऑल मिसिंग स्टूडेंट्स यूनियन) द्वारा आयोजित 10वें मिसिंग यूथ फेस्टिवल के समापन समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे राज्य को घुसपैठ की समस्या से पूरी तरह मुक्त किया जा सकेगा।**



### कांग्रेस के शासनकाल में हुई घुसपैठ : शाह

अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासनकाल में अवैध घुसपैठ के कारण असम की जनसांख्यिकीय संरचना में व्यापक बदलाव हुआ। उन्होंने कहा, कांग्रेस शासन के दौरान घुसपैठियों की संख्या शून्य से बढ़कर 64 लाख तक पहुंच गई और राज्य के सात जिलों में वे बहुमत में आ गए। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार असम में बदले हुए डेमोग्राफिक ट्रेंड को पलटने के लिए कई स्तरों पर काम कर रही है।

### तीसरे कार्यकाल का समर्थन देने की अपील की

शाह ने कहा, अगर असम में घुसपैठ को रोकना है तो भाजपा को तीसरे कार्यकाल के लिए चुनना होगा और मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के हाथ मजबूत करने होंगे। उन्होंने ऊपरी असम में घुसपैठ को रोकने में मिसिंग समुदाय की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि समुदाय की मेहनतकश जीवनशैली के कारण घुसपैठिए इस क्षेत्र में बस नहीं पाए। अमित शाह ने कहा, घुसपैठ रोकने के लिए हथियार उठाने की जरूरत नहीं है। आपकी मेहनत और जीवनशैली ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। गृह मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन के दौरान कई आदिवासी समुदायों को अपनी पहचान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार मिसिंग समुदाय सहित अन्य आदिवासी समाजों की समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त वार्ताकार के माध्यम से प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

**खोज** | विशेषज्ञों ने लार में खोजे वजन बढ़ाने वाले बैक्टीरिया

# मुंह के बैक्टीरिया से पता चलेगा मोटापे का कारण

- 01 हजार वयस्कों के लार के नमूनों का विश्लेषण किया
- यह खोज वजन घटाने और बीमारियों की शुरुआती पहचान के तरीके को बदल सकती है

**एजेंसी | अबू धाबी**

मुंह में मौजूद बैक्टीरिया मोटापे के खतरे का संकेत दे सकते हैं। यूएई स्थित न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों के एक हालिया अध्ययन में दावा किया गया है कि ओरल माइक्रोब यानी मुंह में रहने वाले सूक्ष्म जीव यह बताने में सक्षम हैं कि किसी व्यक्ति में मोटापे का जोखिम कितना है। शोधकर्ताओं का मानना है कि यह खोज भविष्य में वजन घटाने और बीमारियों की शुरुआती पहचान के तरीकों को पूरी तरह बदल सकती है।



### लार के नमूनों से चौंकाने वाले निष्कर्ष

अध्ययन के दौरान करीब एक हजार वयस्कों के लार के नमूनों का गहराई से विश्लेषण किया गया। इसका उद्देश्य यह समझना था कि सामान्य वजन और मोटापे से ग्रस्त लोगों के मुंह के बैक्टीरिया में क्या अंतर है। परिणामों में सामने आया कि मोटापे से पीड़ित लोगों का 'ओरल माइक्रोबायोम पैटर्न' अलग और अधिक जटिल था। इनके मुंह में ऐसे बैक्टीरिया अधिक पाए गए, जो शरीर में सूजन बढ़ाते हैं। साथ ही लैक्टेट बनाने वाले माइक्रोब का स्तर भी अधिक मिला।

### भूख और मेटाबॉलिज्म पर असर

शोध में यह भी सामने आया कि मोटापे वाले समूह में बैक्टीरिया शुगर और प्रोटीन को तेजी से तोड़ने में अधिक सक्रिय थे। ये बैक्टीरिया यूरिडीन और यूरैसिल जैसे रसायन बनाते हैं, जो दिमाग तक भूख के संकेत भेज सकते हैं। यानी मुंह के बैक्टीरिया यह प्रभावित कर सकते हैं कि व्यक्ति को कब और कितनी भूख लगेगी।

### भविष्य में लार टेस्ट से हो सकेगी पहचान

इस अध्ययन का सबसे रोमांचक पहलू यह है कि भविष्य में सिर्फ लार के एक साधारण टेस्ट से यह पता लगाया जा सकेगा कि किसी व्यक्ति को भविष्य में मोटापा बढ़ने का कितना जोखिम है। वजन बढ़ने से काफी पहले ही लार के जरिए चेतावनी मिल सकेगी। अगर हमें पता हो कि कौन से बैक्टीरिया गड़बड़ कर रहे हैं।